# जलधि

केन्द्रीय मात्स्यिकी प्रौद्योगिकी संस्थान की विज्ञानपत्रिका



# जलधि

# 2012


प्रबन्ध संपादक

**डॉ. टी.के. श्रीनिवास गोपाल**

संपादक

**डॉ. जेस्सी जोसफ**

अनुवाद कार्य

**डॉ. शोभा के.**

**डॉ. संतोष अलेक्स**

**श्री शंकर पी.**

फोटो

**श्री शिबाशीस गुहा**



**केन्द्रीय मात्स्यिकी प्रौद्योगिकी संस्थान**

(भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद)

**मत्स्यपुरी, कोचिन - 682029**

भाकृ अनुप
ICAR

# विषय - सूची


पृ. सं.

1. निदेशक की ओर से

2. संपादक की ओर से

3. खारा जलजीव पालन स्थिरता में खारा-मछली का योगदान अतुलनीय 7

*प्रेमकुमार एम., कैलासम ए.आर.टी., अरसु*

4. समुद्री सूक्ष्मजैविक विविधता संरक्षण और जैव प्रौद्योगिकी प्रयोग 11

*ललिता के.वी. और टॉम्स सी. जोसफ*

5. अनुपयोगी ऊसर भूमि में मछली की खेती के प्रयास-एक सफल कहानी 20

*सुरेश चन्द्रा*

6. वाशी के संकरी खाडी में धातुई प्रदूषण और मत्स्य ऊतकों में उसका संचयन 26

*आर. चक्रवर्ती और एस.टी. गायकवाड*

7. मत्स्य मूल्य जोड में उद्यमकर्ता विकास 34

*वी. गीतालक्ष्मी, एस. आशालता, डानियल राज और एम. नासर*

8. नागपटिनम जिले के तटीय प्रदेशों में जलीय संवर्धन आधारित समेकित कृषि प्रणाली 40

*सेलवरसु और एल. कृष्णन*

9. लघु पैमाने की मात्स्यिकी प्रौद्योगिकी स्थानांतरण अंतराल - एक स्वोट (SWOT) विश्लेषण 46

*चार्ल्स जीवा*

10. पेर्ल स्पोट, एन्डरोप्लस सुरेटेनसिस (ब्लोच, 1970) के लिए मत्स्यन तकनीक 51

*एम.पी. रमेशन, वी.आर. मधु और पी. प्रवीन*

11. पन्गेशियनोडोन हैइपोपथालमस के लिए संसाधन विकल्प 59

*जोर्ज नैनान, जैनुद्दीन, ए.ए. विजि पी.वी. मधुसूदन राव, रविशंकर सी.एन.*

12. मछुवा महिला के लिए वैकल्पिक जीविका विकल्प 66

*निकिता गोपाल, के.बी. बीजी एवं सी.एन. रविशंकर*

13. अलक्षित पकड़ कम करने के उपाय 74

*भूपेन्द्रनाथ एम.आर., आशीष कुमार झा*

14. विलोरीटा साइप्रिनॉइड्स में सी सी ए काष्ठ परिरक्षक और उसके संघटक ताँबा, क्रोमियम एवं आर्सेनिक की तीव्र विषाक्तता 80

*श्रीजा ए. और लीला एड्विन*

15. अल्प मूल्य मत्स्यों से मत्स्य बर्गर 91

*पी.के. विजयन, वेंकटेश्वरलू रोण्डा, और फमीना हसन*

16. व्यवसाय इन्कुबेटर - भारतीय मात्स्यिकी का भविष्य 98

*सी.एन. रविशंकर*

17. राष्ट्रीय कृषि अनुसंधान प्रणाली (रा कृ अनु प्र) भारत के अधीन कृषि अनुसंधान संस्थानों में बौद्धिक संपदा एवं प्रौद्योगिकी प्रबंधन : एक क्षेत्रीय संस्थान का पहल 104

*लीला एड्विन*

18. पर्णीय छिड़काव :- मत्स्य रद्दी प्रयुक्ति के लिए एक अभिनव पहल 115

*सैनुद्दीन ए.ए., जोषी सी.जी., जॉर्ज नैनान और रविशंकर सी.एन.*

19. दक्षिण ध्रुवीय क्रिल मात्स्यिकी 119

*एम.आर. भूपेंद्रनाथ*



# निदेशक की ओर से

विदेशी मुद्रा अर्जित करने, कम दाम के पोषक खाद्य उपलब्ध कराने और समाज के कमज़ोर तबके के करोडों गरीबों को, विशेषकर महिलाओं को रोज़गार दिलाने वाले उद्योग के रूप में मात्स्यिकी भारत सरकार की विकास योजनाओं में महत्वपूर्ण स्थान रखती है। अंतःस्थलीय, समुद्री और संवर्धन क्षेत्र की पैदावार और पश्च पैदावार प्रौद्योगिकी ऐसे विकासशील क्षेत्र हैं जहाँ खुद को आगे रखने के लिए निरंतर अनुसंधान और कार्यविधियों की आवश्यकता है। हमारे देश में अनुसंधान एवं विकास के परिणाम ज्यादातर अंग्रेज़ी में ही प्रकाशित किए जाते हैं, मगर इन प्रकाशनों का असली उपयोग तभी होगा जब उसके आत्यंतिक उपयोगकर्ताओं की अपनी भाषा में ये सामग्री प्रकाशित हों।

संस्थान के राजभाषा कार्यान्वयन के तहत कई प्रकार के कार्य आयोजित होते हैं जिन में खास है "जलधि" नामक गृहपत्रिका का प्रकाशन। इस पत्रिका में वैज्ञानिक अपने-अपने क्षेत्र से संबंधित आविष्कारी कार्यों का परिचय देते हैं। तकनीकी एवं प्रौद्योगिकी विषयों की भाषा को खास तौर से पारदर्शी बनाना इसका उद्देश्य है।

सभी मित्रों से यही निवेदन है कि वे अपने सृजनात्मक सुझावों से हमें अवगत कराएं ताकि इसकी स्तरीयता और भंगिमा को संवर्द्धित किया जा सके। विज्ञ मित्रों की टिप्पणी की हमें प्रतीक्षा रहेगी। यदि वे सुझाव मात्स्यिकी क्षेत्र के विकास की उपलब्धियों, समस्याओं और भविष्य की दिशाओं को सही मायने में प्रक्षेपित करने में सहायक बनें तो, हमें बेहद खुशी होगी।

टी. के. श्रीनिवास गोपाल

**डॉ. टी.के. श्रीनिवास गोपाल**

निदेशक

# संपादक की ओर से

केंद्रीय मात्स्यिकी प्रौद्योगिकी संस्थान, कोच्चि की हिंदी शोध पत्रिका 'जलधि', जो मात्स्यिकी विज्ञान से संबंधित है, का 2012 अंक आपके सामने है। इस अंक को निकालते हुए हमें अतीव हर्ष का अनुभव हो रहा है कि 'जलधि' ने भारत भर के मात्स्यिकी संस्थानों एवं कृषि विश्वविद्यालयों में स्तरीय विज्ञान शोध पत्रिका का दर्जा हासिल किया है। 'जलधि' को वांछित स्तरीयता देने में सबसे पहले केंद्रीय मात्स्यिकी प्रौद्योगिकी संस्थान, कोच्चि के वैज्ञानिकों की सक्रिय भूमिका रही है। ऐसी एक आम धारणा हमारे हृदय में घर कर गयी थी कि विज्ञान-संप्रेषण के लिए अंग्रेजी ही उचित भाषा है। इस विचार को तोड़ना आसान नहीं था। लेकिन अत्यंत हर्ष के साथ यह बात रेखांकित करके बताना चाहती हूँ कि 'जलधि' ने अंग्रेजी से जुड़ी बद्धमूल धारणा को तोड़ा। धीरे-धीरे हमारे वैज्ञानिकों ने हिंदी को स्वीकारना शुरू किया और शुरू-शुरू में वे राजभाषा अनुभाग से मदद लेते रहे, पर बाद में भाषा के स्तर पर वे अपने पैरों पर खड़े होने लगे। यही नहीं कि उनका यह भी अनुभव रहा है कि केरल के बाहर के विस्तार कार्यक्रमों में, खासकर तटीय प्रदेशों एवं गाँवों में हिंदी ज्यादा काम आने लगी है। केंद्रीय मात्स्यिकी प्रौद्योगिकी संस्थान के राजभाषा अनुभाग के लिए यही गर्व की बात है कि उसने राजभाषा हिंदी को विज्ञान की भाषा के रूप में मान्यता दिलवायी। हिंदी को प्रशासनिक भाषा के स्तर से ऊपर उठाकर ज्ञान-विस्तार की वैकल्पिक भाषा का दर्जा भी उसे दिया गया है।

'जलधि' को आगे बढ़ाने में बाहर के वैज्ञानिकों का भी योगदान है, जो बहुत ही महत्वपूर्ण है। हमारी कोशिश यह रहेगी कि अधिकाधिक बाहरी संस्थानों के वैज्ञानिकों से सहयोग प्राप्त करें और पत्रिका के अखिल भारतीय स्वरूप को सुरक्षित रख सकें। हम यह भी सुनिश्चित करना चाहते हैं कि 'जलधि' को राज्य स्तरीय मात्स्यिकी संस्थानों एवं विश्वविद्यालयों के लिए भी उपलब्ध कराएं तथा 'जलधि' की पाठक संख्या को बढ़ाएं। ऐसे ही विज्ञान की गतिविधियों का संप्रेषण संभव है। 'जलधि' के दसवें अंक के प्रकाशन के इस अवसर पर केंद्रीय मात्स्यिकी प्रौद्योगिकी संस्थान के समस्त भूतपूर्व निदेशकों एवं भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के उच्च अधिकारियों के प्रति, खासकर ड़ॉ. अय्यप्पन जी (डीजी) और डॉ. मीना कुमारी जी (डीडीजी) के प्रति, आभार प्रदर्शित करना चाहती हूँ।

कोई भी कार्य क्षेत्र, चाहे विज्ञान का हो, प्रशासन का हो, सहभागिता और सौहार्द से ही अपनी संपूर्णता अर्जित करता है। मुझे पूरी उम्मीद है कि जलधि को आने वाले सालों में भी सभी सुधी वैज्ञानिकों से संपूर्ण सहयोग प्राप्त होगा।

# खारा जलजीव पालन स्थिरता में खारा-मछली का योगदान अतुलनीय

**प्रेमकुमार एम., कैलासम ए.आर.टी., अरसु**

## 1. परिचय

वर्ष 2009 के रिपोर्ट के मुताबिक जलजीव कृषि में भारत का स्थान द्वितीय है। चीन की तुलना में भारत काफी पीछे होते हुए भी विश्व में द्वितीय स्थान पर है। इन्डोनेशिया और वियतनाम क्रमशः तीसरे और चौथे स्थान पर है। विश्वव्यापी जलजीव कृषि का 90% भाग एशिया के कृषकों द्वारा किया जाता है। सम्पूर्ण जलकृषि में जलीय पौधों तथा मीठे जलजीव का योगदान ज्यादा है। खारा जल की कृषि की मात्रा बहुत कम है। खारा जल या समुद्र जल कृषि मुख्य रूप से झींगा पालन पर निर्भर है, जो अभी तक विषाणुओं के प्रभाव से उभर नहीं पाया है। इस विषाणु में मुख्यतः डब्ल्यू.एस.एस.वी. है। अतः खारा जलजीव पालन की स्थिरता के लिए खारा या समुद्र जल में मछली का पालन अति आवश्यक है। एफ.ए.ओ. (1998) के एक अनुभाग के अनुसार संसार में जलकृषि उत्पादन सन् 2020 तक कई मिलियन टन होगा जिसमें मुख्य योगदान मछली, क्रस्टेशियन व मोलस्कस का होगा।

खारा जल कृषि में अनेक तकनीकियों के विकास जैसे बैटकी का विमोहित प्रजनन व बीज उत्पादन (ए.आर.टी. अरसु 1997), मत्स्य भोजन में सुधार, मत्स्य बीमारियों पर नियंत्रण एवं जल की शुद्धता पर नियंत्रण के बावजूद खारा जलजीव पालन अभी भी निम्न स्थिति में है। लगभग 80% जलकृषि उत्पादन छोटे फार्म वाले किसानों से आता है। इसलिए इन समुदायों को प्राकृतिक आर्थिक व कौशल सहायता देकर खारा जलजीव पालन को बढ़ाया जा सकता है। खारा जलजीव पालन की स्थिरता के लिए सिर्फ झींगा पालन पर निर्भर करना बहुत बुरा संकेत है, इसकी स्थिरता के लिए विभिन्न मछलियों का पालन अति उपयोगी होगा।

---

केन्द्रीय खारा जलजीव पालन अनुसंधान संस्थान
75, संथोम हाई रोड्, आर.ए. पुरम, चेन्नई - 28

## 2. स्थिर विकास में खारा जलकृषि

भारत में जलकृषि मुख्य रूप से कम औसत दर्जे की पूँजी लागत पर निर्भर है। भारत जैसे विशाल देश में जहाँ लगभग 2700 मछली की प्रजातियाँ है, परन्तु सिर्फ 15 मत्स्य प्रजातियों का उपयोग जलकृषि के लिए किया जा रहा है, ये सभी प्रजातियाँ मुख्यत: मीठा जल की है। खारा जल की मछली में सिबा ने बैटकी (सिबास) का कृत्रिम प्रजनन करवाकर इस क्षेत्र में क्रांती ला दी है। बैटकी एक ऐसी प्रजाती है, जिसका पालन खारा जल, मीठा तथा समुद्री जल में आसानी से किया जा सकता है। बैटकी का राष्ट्रीय एवं अंतराष्ट्रीय मत्स्य बाजार में इसकी कीमत 70 से 350/कि.ग्रा. तक है। बैटकी एक बहुत हीं तेज गती से बढ़ने वाली मछली है जो कि सिर्फ 6-8 माह में 800 ग्राम से। कि.ग्रा. तक की हो जाती है। बैटकी के अलावा मल्लेट (मडवा), मिल्क फिश (पाल मीन) एवं पेर्लस्पोट (करी मीन) के कृत्रिम निसेचन पर संशोधन बहुत हीं गहन रूप से चल रहा है। मल्लेट एक शाकाहारी मछली है जो खारा पानी में अच्छी तरह से बढ़ती है। यह अपने स्वाद के लिए तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, उडीसा तथा केरला में प्रसिद्ध है और वहाँ के मछली बाज़ार में अहम भूमिका निभाती है। मिल्क फिश भी एक शाकाहारी मछली है, जिसका उपयोग मुख्य रूप से मल्लेट के साथ मिश्रित जलकृषि में की जाती है।

पेर्ल स्पोट जो कि केरला में करी मीन से प्रसिद्ध है, वहाँ के मछली बाजार में अपना अच्छी प्रकार बनाकर रखी है। यह मछली केरला, कर्नाटका एवं पश्चिम बंगाल में बहुत ही प्रचलित है।

अभी बैटकी के बीज उत्पादन का तकनीक पूर्ण रूप से संपन्न है तथा कुछ बडे तबके का किसान इस तकनीक को अपनाने के लिए आगे आ रहे हैं। बीते वर्षे में इस तकनीक को सी.एम.एफ.आर.आई. तथा कई अन्य खारा पानी कृषक को निदर्शन एवं प्रशिक्षण के द्वारा बताया गया है। सिबा प्रति वर्ष बैटकी बीज उत्पादन पर एक प्रशिक्षण देता है, जिसमें मुख्य रूप से आंध्र प्रदेश, प. बंगाल, उडीसा, गुजरात, केरला, गोवा, महाराष्ट्र तथा कर्नाटका के किसान सक्रिय रूप से भाग लिए है। इस प्रशिक्षण का प्रभाव काफी हद तक देखा जा रहा है। कई किसान अब बैटकी स्फुटनशाला खोलने के लिए तत्पर है।

बैटकी के बीज उत्पादन के अलावा सिबा बैटकी के पालन पर भी शोध कर रहा है। बैटकी के पालन की क्रिया आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, तमिल नाडु तथा कर्नाटका में, किसान के तालाब में निदर्शन के द्वारा किया जा रहा है। इस कार्य को करने के लिए सिबा को आर्थिक मदद एन.एफ.डी.बी. से मिल रहा है।

बैटकी को तलाब में पालने के लिए पहले इसको नर्सरी में पालना अति आवश्यक है।

नर्सरी पालन के दौरान निरन्तर आकार के अनुसार अलग-अलग मच्छरदानी में रखा जाता है। यह बहुत हीं अहम क्रिया है क्योंकि यह स्वयंभोजी (केनाबलीसम) को रोकता है। जिससे अधिक पैदावार की संभावना बढ़ जाती है। नर्सरी का काल 40-45 दिन का होता है। नर्सरी के पश्चात् इसे पिर ग्रोआउट एवं ग्रोआउट तालाब में आकार के अनुसार बाँट देते है। पिर गघे आउट एवं ग्रो आउट में कम दाम की मछलियाँ सिन्वा का बैटकी आहार अति लाभदायक सिद्ध हुआ है। छ: से आठ माह के बाद मछली बाज़ार में जाने लायक हो जाती है।

## 4. खारा जल कृषि स्थिरता में उपयोगी मछलियाँ

खारा जल कृषि की स्थिरता रूपमें विकास के लिए झींगा पालन के साथ-साथ मछली पालन अति उपयोगी है। खारे जल में पालने वाली कुछ प्रमुख मछलियाँ इस तरह से है।

### 4.1 एशियन सिबास (बैटकी) (कोडवा)



खारा एवं समुद्री जल कृषि में उपयोग की जानेवाली मछली, जिसका कि कृत्रिम प्रजनन के द्वारा उत्पादन संभव है। यह मछली अपनी अच्छी स्वाद के लिए बहुत हीं प्रख्यात है। इसका देशीय बाज़ार में भाव 100 से 200/ कि.ग्रा. तक रहता है, जो कि मुख्य रूप से इसके आकार पर निर्भर करता है। बैटकी का पालन खारा, मीठा एवं समुद्री जल में आसानी से किया जा सकता है।

### 4.2 मल्लेट (मडवा)

यह एक साकाहारी मछली है, जो कि पानी के नीचे उपस्थित सारे गले पदार्थ एवं शैवाल को बडे चाव से खाती है। इसका उपयोग झींगे मछली के साथ मिश्रित जलकृषि में किया जाना अत्यधिक लाभ प्रद है क्योंकि यह तालाब में अत्यधिक नीचे के परत को साफ रखता है। इसका अत्यधिक बाजार केरला, पश्चिम बंगाल में है। इसकी सबसे बडी कठिनाई है कृत्रिम ढ़ंग से प्रजनन।



## 4.3 मिल्क फिश (पाल मीन)



यह भी एक शाकाहारी मछली है जो मुख्य रूप से लेब-लेब खाती है, जो कि शैवाल एवं जीवाणु का मिश्रण है। इसका उपयोग मिश्रित कृषि के लिए अति लाभप्रद है। सिबा इसके कृत्रिम प्रजनन करने के लिए सतत प्रयास कर रहा है।

## 4.4 पर्ल स्पाट (करी मीन)



यह एक शाकाहारी मछली है, जो कि छोटी-छोटी जलीय कीड़े मकोड़े, शैवाल एवं सडा-गला पदार्थ खाता है। यह केरला के खारा पानी में प्रचूर मात्र में पाई जाती है। इसकी बाज़ार केरल एवं पश्चिम बंगाल में ज्यादा है।

## 5. खारा जलकृषि का महत्वः

जलकृषि मनुष्य के लिए सुपाच्य पौष्टिक भोजन का एक अति उत्तम एवं सस्ता स्रोत है। जो कि देश को पौष्टिक भोजन की उपलब्धता में सम्पन्न बना सकती है।

जलकृषि, बेरोजगारी दूर करने का बहुत हीं उत्तम प्रयास है क्योंकि जलकृषि लम्बे समय तक की रोजगार देती है तथा इसमें आमदनी भी ज्यादा है। जलकृषि क्रियाकलाप कई अन्य छोटे-छोटे उद्योगों को भी बढ़ावा देती है, तथा मछलियों को भी रोजगार का भरपूर अवसर प्रदान करती है। जलकृषि के द्वारा समाज की आर्थिक स्थिति, रोजगार, पौष्टिक आहार, स्वः रोजगार एवं महिला रोजगार को बढ़ावा मिलता है। अतः जलकृषि का महत्व किसी भी कृषि से अतुलनीय है।

OO

# समुद्री सूक्ष्मजैविक विविधता संरक्षण और जैव प्रौद्योगिकी प्रयोग

ललिता के.वी. और टॉम्स सी. जोसफ

## प्राक्कथन

सूक्ष्म जीवाणु प्रकृति से बहुव्यापी हैं और धरती के सारे पहचाने गए घटकों का महत्वपूर्ण घटक बनते हैं। उनकी बहुव्यापकता छोटे आकार, आसानी से वितरण, भिन्न आवासों में आसानी से रहने और बढने की क्षमता, अवायवीय और अतिरिक्त अवस्था को मिलाकर, चयापचयन बहुविज्ञता और कई क्रियाधारों को पोषक के रूप में उपयोग करने की सुविधा के कारण हैं। सूक्ष्मजीवाणु चार मिलियन सालों से विकसित हैं और उर्जा संपदाओं के बडे रेंज को शोषित करने की क्षमता रखता है और हर आवास में विकासमान होता है। जीवाण्वीय विविधता अधिनियम जैवविविधता को इस प्रकार समझाता है "सभी स्त्रोतों से जीवों का परिवर्तनशीलता और पारिस्थितिक जटिलता इसके भाग बनते हैं और इनमे जाति या जातियों के बीच या पारिस्थिति तंत्र शामिल हैं "जहां जीवाण्वीय स्त्रोत माने पौधा, जीवजंतु और सूक्ष्मजीवाणु या उसमें कुछ उनका जातीय सामग्री और उपोत्पाद (मूल्यजोड उत्पादों को छोडकर) वास्तविक या संभावित उपयोग या मूल्य, लेकिन इसमें मानव जनतिक सामग्री शामिल नहीं होता। जीवाण्वीय विविधता पर अंतर्राष्ट्रीय समागम, रिओ डी जेनिरियो धरती शिखर सम्मेलन 1992 में बनाए गए संधि, जैवविविधता को इस प्रकार परिभाषित करता है "सभी स्त्रोतों से जीवों का परिवर्तनशीलता जिसमें अन्य बातों के साथ भूसंबंधी, समुद्री और अन्य जलकृषि पारिस्थिति तंत्र और पारिस्थिति तंत्र जटिलता जिसके वे भाग हैं" (यू एन इ पी 1992) सूक्ष्मजीवाणु आण्विक और रासायनिक विविधता का भरपूर संग्रह स्थल का प्रतिनिधित्व करता है। सी बी डी ने जैवविधता के महत्व को पहचाना और सूक्ष्मजीवी विविधता पर खास जोर दिया। भारतीय सूक्ष्मजीवी शायद दुनिया का सबसे महत्वपूर्ण हैं (बुद्धिराज और अन्य 2002) संरक्षण रणनीतियां अंदर में दिए गए पारिस्थिति तंत्र पर जैवविधिता का पूरा पुनर्स्थापन पर संरक्षण प्रौद्योगिकी का अपने स्थान पर और दूसरे स्थान पर शामिल हैं। सूक्ष्मजीवी विविधता वैश्विक जनतिक संपदाओं के मरम्मत और संरक्षण

के लिए आधारभूत हैं। जैवविविधता, उसका माप और इस संपदा का प्रभावी और गैर विध्वंस उपयोग में दुनिया भर में काफी रुचि हैं (हाक्स्वर्थ और कोलबेल 1992) समुद्र काफी भिन्न पर्यावरणों का मेजबान है और समुद्री सूक्ष्मजीव उन जगहों में रहने के लिए कई तरीके ढूंढ निकाले हैं, यह अवस्थाओं को जूझने के लिए उनका जीवरसायन बदलकर या कोशों से कठोर अवस्थाओं को दूर करने के लिए अवरोधों को तैयार कर दिया जाता है। सूक्ष्मजीवाणु जो विपरीत परिस्थितियों में जीते हैं, ध्रुवीय मरुस्थल से भूतापीय स्प्रिंग तक इन्हें एक्सट्रोफायिल्स कहते हैं। ठंडे पर्यावरणों में साइक्रोफिलिक जीवाणु लचीले झिल्ली और कोश में स्वाभाविक ऐंटीफ्रीज यौगक को घुमाते हैं। समुद्र के विपरीत गर्म इलाकों में हैपरथरमोफिलिक रोगाणु, प्रोटीन में सूक्ष्म बदलाव का उपयोग करते हैं ताकि सिथर लवण ब्रिडज और अयन जोडियों की संख्या को बढाना ताकि किण्वकों को ताप में साथ साथ रखें। रिवर्स गयरेस जो कि डी एन ए को उच्च तापमान में दुहराव के दौरान अपना संरचना बनाए रखता है, यह एक अद्वितीय किण्वक है जिसे हैपरथेरमोफायिल द्वारा उपयोग किया जाता है। उच्च लवण सांद्र वाले इलाकों में कई हालोफाइल्स अपने प्रोटीन में बदलाव लाकर, अम्लीकृत करके और इसलिए उच्च लवण सांद्र के प्रोटीन विकीरण प्रभाव से प्रतिरोध होता है। अन्य लवणरागी हैलोफायिल्स, ओसमोलाइट, छोटे जैव अणु को घुमाते हैं जो कोश के बाहर उच्च लवण पर्यावरण के कारण पानी के घाटे को रोकते हैं। जो घटक समुद्री सूक्ष्मजीवी विविधता को प्रभावित करते हैं वे हैं गंदलापन, रोशनी, तापमान, पोषक, सतह और अंतः प्रदेश, अपचयोपचय संभाव्यता, धातु, खारापन, पी एच, यू वी, सोलार फ्लेक्स, अपृष्ठवंशी की उपस्थिति और स्थूल शैवाल जैसे स्थूल जीव।

## समुद्री सूक्ष्मजीवी विविधता के अध्ययन के लिए पैठ

पर्यावरण में सूक्ष्मजीवी विविधता को भिन्न इनडिसेस जैसे फैलोजेनेटिक विविधता, जाति विविधता, समवंशी विविधता से मापा जा सकता है। समुद्री सूक्ष्मजीवी विविधता का अध्ययन महत्वपूर्ण है ताकि समुद्री पर्यावरण में भिन्न तरह के समूह संरचना और वितरण के नमूने को समझा जाए। हालांकि समुद्री सूक्ष्मजीव पर कई दशकों से अध्ययन हो रहे हैं, कम जानकारी ही उपलब्ध हैं और वैज्ञानिकों को जिन जातियों की जानकारी उपलब्ध हैं वह सीमित हैं (दास और अन्य 2006) जीवित जीवाणु को निर्धारित करने का पारंपरिक तरीका, संवर्धन माध्यम में बढने की उनकी क्षमता के कारण हैं ताकि उन्हें समलक्षण रूपी और समवंशी लक्षित किया जा सकता है। भिन्न घटकों द्वारा कई माध्यम को नए तनुकरा संवर्धन तकनीक को विकसित किया गया ताकि मितपोषणी जातियों को अलग किया जा सकता है। पृथक्कीकरण के चयन तरीके में

प्रतिजैविकी या रासायनिकों के विवेकपूर्ण उपयोग शामिल है ताकि प्रचुर मात्रावालों को दबा सकें ताकि कम प्रचुर मात्रा वाले और आहिस्ता बढती जातियों को मौका दिया जा सकें। क्लासिकी पैदावार पैठ का प्रधान गुण यह है कि जीवों को पृथक्ककीकृत किया जाता है और इसलिए आगे के अध्ययन के लिए उपलब्ध होगा। लेकिन जीवाणु कोश का संवर्धन जाति पर आधारित गुण हैं। कई समुद्री जीवाणु जातियों का न पता लगे विकास जरूरतें होती हैं और जो संवर्धित नहीं किया गया है। संवर्धन आधारित तकनीक का प्रमुख सीमा यह है कि किसी भी वातावरण में 99% से कम सूक्ष्मजीवाणु जिन्हें सूक्ष्मदर्शी द्वारा देखा गया है, उन्हें स्तरीय संवर्धन तकनीकों द्वारा संवर्धन नहीं किया जा सकता। उसके विपरीत में आण्विक पहुंच में जीवाणु को पृथक्कीकृत करने की जरूरत नहीं है। आधुनिक आण्विक जीवाण्वीय तकनीक जैसे सीटू संकरण में प्रतिदीप्ति, विपरीत अनुलेखन, पोलीमरेस चेन रिएक्शन, 16 sr DNA श्रृंखला, विकृतीकरण वैद्युत कण संचलन और टरमिनल रोक प्रेंगमेंट लंबाई बहुरूपता ने सक्ष्मजीवी जातियों का बडा विभेदन अन्य साधनों द्वारा पाया जा सकता है, जिसमें आंतरिक ट्रान्स्क्रैंड स्पेर शामिल होता है जो 165 और 235 जीन के इलाके के बीच में होता है और यह जीनोम के आकार में मापा जाता है। इन तरीकों से किए गए अध्ययन से यह दर्शाया कि 165 जीन कई आनुवंशिक विविधताओं को चूक जाता है, जिसमें यह सुनिश्चित करता है कि सूक्ष्मजीवी जातियों की परिभाषा पेचीदा मुद्दा है। मेटाजीनोमिक्स नामक एक संवर्धन स्वतंत्र तरीका सभी तरीकों में महत्वपूर्ण है। जो असंवर्धित जीवों के शरीर क्रिया और आनुवंशिक पहंच को अभिकल्पित किया गया है। मेटाजीनोमिक पुस्तकालय से प्राप्त सूचना समूह विविधता और कार्य, खास सूक्ष्मजीवाणुओं की उपस्थिति या जैव संश्लेषण रास्ते या अकेले जीन को ढूँढने के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है। मेटाजीनोमिक्स नए जीन के खोज का वादा करता है जिसका बयोटेक्नोलोजी और चिकित्सा में उपयोगी प्रयोग होता है। इस क्षेत्र में हमारी बढती जानकारी से दुनिया के संपदाओं को जैवविविधता का दस्तावेजीकरण और जीवाणवीय जीन पूल का संरक्षण के महत्व को बढता ध्यान मिल रहा है (स्लै और अन्य 1990) हालांकी आणविक पहुंच की कुछ खामियों में साधारण समूह से सभी जीवाणुओं को पकडने में परेशानी, समूह में विभोजी और उच्च जीवों के डी एन ए की उपस्थिति शामिल हैं। यही नहीं अक्सर शरीर क्रियात्मक किस्म या जातियों को 16 sr DNA श्रृंखला से ब्लासट द्वारा एन सी बी आई डाटाबेस के श्रृंखला से निर्धारित या रैबोसोमल आंकडा बेस परियोजना द्वारा निर्धारित नहीं किया जाता। इन्हीं कारणों से विषमस्थानिक जीवाणुओं को पैदावार या आण्विक तरीके द्वारा समूह में विविध इनडिसेस और जातियों की विविधता द्वारा निर्धारित नहीं किया जाता। (स्टेली 1996)

## सूक्ष्मजीवी विविधता का संरक्षण

पौधे और जीवजंतु जैसे सूक्ष्मजीवी विलुप्त या संकट नहीं होते वे तुरंत उत्परिवर्तन या कुछ जीनों के कारण कुछ महत्वपूर्ण गुणों को खो बैठते हैं। कई औद्योगिक, पर्यावरणीय, पारिस्थितिक, कृषि, चिकित्सा और बयोटेक्नोलोजिकल उपयोगों के लिए सूक्ष्मजीवी लक्षण को शोषित किया गया। अतः भविष्य के प्रयोगों और अध्ययन के लिए, उन पर विचार किया जाना चाहिए। वैज्ञानिक रूप में खास क्षेत्र में सूक्ष्म जीवाणु और सारभूत और विविध संवर्धन जुटाव होते हुए भी इस क्षेत्र में ध्यान कम ही खींचा गया है। भविष्य में यह बदलनेवाला है। चूंकि सूक्ष्मजीवाणुओं के प्रबंधन का महत्व बढ रहा है। सूक्ष्मजीवों को खास तकनीकों द्वारा प्रयोगशाला और जुटाव केंद्र में संरक्षित किया गया है। यूनेस्को द्वारा स्थापित वैश्विक सूक्ष्मजैविक स्रोत केंद्र, सूक्ष्मजीवी विविधता पर रुचि को दर्शाता है। मिरसेन के लक्ष्यों में वैश्विक संरचना का प्रावधान है जिसमें राष्ट्रीय, क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सहकारी प्रयोगशाला है जो कि सूक्ष्मजीव जीन पूल के प्रबंधन, वितरण और उपयोग के लिए हैं। कई राज्य सूक्ष्मजीव संरक्षण केंद्र बनाए रखते हैं। उनमें कुछ इस प्रकार हैं।

अमेरिकन टाईप कल्चर कलेक्शन (ए टी सी सी) यू एस ए

बयोनिसोर्सस कलेक्शन और रिसर्च सेंटर (बी सी आर सी) तायवान

कलेक्शन आफ अक्वाटिक इमपोर्टेंट माइक्रोओरगानिजनमस (सी ए आइ एम) मेक्सिको

कल्चर कलेकशन आफ अलगे एंड प्रोटोडोवा (सी सी ए पी) यू के

मराइन बयोटेक्नोलोजी इनस्टिटयूट कल्चर कलेक्शन (एम बी आई सी) जापान

माइक्रोबियल टाइप कल्चर कलेक्शन और जीन बैंक (एम टी सी सी) भारत

नेशनल बैंक फार इंडस्ट्रियल माइक्रोओरगानिजमस एंड सेल कल्चर्स (एन बी आई एं सीसी) बल्गेरिया

नेश्नेल कलेक्शन्स आफ इंडसिट्रयल फूड और मराईन बैक्टिरिया (एन सी आई एम बी) यू के

नेश्नेल कलेक्शन आफ यीस्ट कल्चर्स (एन सी वाई सी) यू के

अग्रिकल्चेरल रिसर्च सर्विस कल्चर कलेक्शन (एन आर आर एल) यू एस ए

कृषि पौधों की तुलना में सूक्ष्मजीवों को इकटठा करने के लिए राष्ट्रीय कोशिश प्रेगमेंट

किया गया है। जुटाव आम तौर पर विश्विदयालयों या राष्ट्रीय संस्थाओं पर वित्तीय सहायता के लिए निर्भर है और अक्सर इनका मरम्मत एक कूरेटर के रुचि पर निर्भर हैं। कई जुटाव तकनीकी समस्याओं का सामना करती हैं जैसे संदूषण या पहचान स्तर को सेट करने में कठिनाईयां और कईयों के पास इलेक्ट्राणिक डाटाबेस अभिगम्य नहीं हैं। कई जुटाव अन्य जगहों पर उपलब्ध नहीं हैं। मौजूदा संवर्धन जुटाव एस विविधता के एक छोटे घटक को ही ले चलते हैं और वे मानव संसाधन प्रशिक्षण, संरक्षण नीति और शोषण के लिए नए तरीकों की जरूरतों को समझ रहे हैं। खासकर माइक्रोवियन्स टाइप कल्चर कलेक्शन, इन्स्टिटयूट आफ माइक्रोबियल ओरगानिजम, पूना, इस दिशा में आशा प्रदान करती हैं। इसके अतिरिक्त कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा नेश्नेल व्यूरो आफ अग्रिकल्चेरल डायस्पोरेंट सूक्ष्मजीव की स्थापना, इस दिशा में एक सकारात्मक कदम हैं।

कुछ राज्य संग्रहालयध्यक्ष जिम्मेदारियों के केंद्रीकरण की तरफ बढ रहे हैं और क्षेत्रीय जुटाव के सुव्यवस्थीकरण और कनेक्शन के लिए कोशिश जारी हैं, खासकर विकसित राज्यों में जीवाण्वीय स्रोत केंद्रों में सूक्ष्मजीवाणू जुटाव को अन्य संवर्धनीय जीवों के साथ जोडा जा रहा है। यह केंद्र इन जुटाव और संबंधित बयोइनफोरमाटिक्स, भौतिक और संरचनात्मक सूचना प्रदान करता है। ये बुद्धिगत स्वामित्व के सुरक्षा जीवाणवीय स्रोतों के भंडार हैं। सूक्ष्मजीवी विविधता को संरक्षित करने के दो तरीके हैं

## भीतर परिरक्षण

सूक्ष्म जीवाणुओं का संवर्धन संग्रह का सूक्ष्मजीवी विविधता के भीतर परिरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। जैव विविधता के परिरक्षण का सबसे प्रभावकारी एवं सूक्ष्मतापूर्वक मेकानिजम, आवास को नष्ट होते और अवनति से बचाना है। सूक्ष्मजीवाणुओं के बाहरी परिरक्षण से संबंधित अनिश्चितताओं के कारण, भीतर परिरक्षण सूक्ष्मजीवाणु में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं और इसमें जीन बैंक, संवर्धन संग्रह और सूक्ष्म जैविक स्रोत केंद्र शामिल हैं जो कि सूक्ष्मजैव वियुक्तों के लिए भंडार बनता है और पुन नियुक्ति खर्चीला और समय लगनेवाले रिआइसोलेशन प्रोटोकाल को छोड सकते हैं (डे 1996)

## बाहर संरक्षण

आमतौर पर बाहरी संरक्षण में सूक्ष्मजैव वनस्पतिजात का ओनसाईट संरक्षण जिसमें पारिस्थितितंत्र और प्राकृतिक आवास के संरक्षण और स्वाभाविक पर्यावरण में जातियों के

बायेबल आबादियों का पुन प्राप्ति घरेलू या पैदावार जातियों के मामलों में और पर्यावरण जहां से खास गुण विकसित हुए है। जीवन के सभी सबसेट का परिरक्षण, नेटवर्क को इंटरल्पे करने से, सूक्ष्मजैविक के परिरक्षण संभव होते है। जंगल री कठाई और पेड लगाने से बारिश द्वारा सतही मिट्टी को बचने से सोकता है, दिमें भिन्न वनस्पतिजात शामिल है। यही नहीं पानी को स्रोत समुद्र, नदी या तालाब पादप्लवक, प्राणिप्लवक (रोचिफर्स सूक्ष्म अलगे डायअटेमस डैनोफलेगेलेनट डैनोफलेगेलेटस) और अन्य बहते सूक्ष्मजीव जैसे विब्रियों पाराहीमोलिटिकेस, बासिलेस जाति स्पैरिलम जाति अक्वास्पिरिल जाति को संरक्षित करेगा।

**बयोटेक्निकल प्रयोगों के लिए सूक्ष्मजैविक विविधता**

आज तक 5,100 जनक फफूंद, 69,000 जातियॉ और लगभग 3,6000 जातियॉ का 700 जनक के जीवाणु का विवरण मौजूद हैं, हालांकि यह आश्चर्य की बात हे कि सूक्ष्मजीवों के संदर्भ में सूक्ष्मजैविक टैक्सा कम संख्या में हैं।

समद्री सूक्ष्मजीवाणु अद्धितीय और अत्याधिक आवास में विकसित होता है (तापमान - 2 15 c और 60- 110 c अयनिक शक्ति 2-5 M Nacl, pH 4 9) पोददार और रेसेनबेच, 2006) यह एक्सट्रमोफाइल्स को उनके अनुकूलतम विकसित अवस्था के अनुसार थरमोफायिल्स, (गर्मस्प्रिंग) साक्रोफायिल्स (ठंडा आरटिक पानी) असिडोफायिल्स (अम्ल पानी) अलकोफायिल्स (अलकेलाइन पानी) हालोफाइल (साटूरेटेड लवण ब्राइन पानी) और बाक्रोफायिल्सत्र (दबाव अबिसेल पानी) में वर्गीकृत हैं। (स्टेलेट 1999) सूक्ष्मजीवाणु जो कम तापमान में विकसित होते हैं उन्हें दो मुख्य गुटों में विभाजित हैं। सैक्रोफाइल (अनुकूलूतम तापमान 15c अधिकतम तापमान 20c और 0c और सैक्रोटोलेरेंट (0 में नहीं विकसित होते हैं, लेकिन 3 से 5 अनुकूलतम और अधिकतम विकसित तापमान 20 c से ज्यादा और कम 30 c)

हाल ही में, आहार, आहार योज्य, किण्वक और संबद्ध सामग्रियों के उत्पादन में सूक्ष्मजीवों के प्रयोग पर किया गया, अपवाद के रूप में प्रयोग सूक्ष्मजैविकी में ऐंटीबयोटिक्स, 700 जीवाण्वीय जनक में, 38 जनक जिसमें एक्टिनोमैकोटस का 3 जेनेरा शामिल हैं, इनका उपयोग आहार, किण्वक और अन्य उत्पादों के लिया जाता है। 60 खमीर श्रेणी में, 23 श्रेणी को नियोजित किया गया हैं, खासकर साकरोमैसेस सेरेविसिया प्रभेद, जो कि दुनिया भर में एलकोहोलिक पेय के उत्पादन में उपयोग किया जाता है। 5100 फफूंद जेनेरा में, 26 जेनेरा को दी आहार, किण्वक और अन्य उत्पादों के लिए उपयोग किया जाता है। आजकल आधुनिक उद्योग में कई देशी आहार विकसित किए गए हैं। यही नहीं जैविक अम्लों का उत्पादन, ऐंटीबयोटिक्स, अमिनो

अम्ल, न्यूकलियोटाइड और किण्वक का प्रयोग माइक्रोबयोलोजी में उपयोग में हैं।

**समुद्री सूक्ष्मजीवाणु, गैर मूक्ष्मजैविक और ऐटीवायरल आधार के रूप में**

अनुसंधानकर्ताओं की तरफ से समुद्री सूक्ष्मजीवाणुओं को गैर जीवाणु यौगक के रूप में, जीवाणु के लिए प्रतिरोध, ऐंटीबयोटिक के लिए काफी रुचि दिखाई है। मरियोनोसिन, मरिनोमोनास मेडिटेरेनसिया द्वारा उत्पादित चौडा स्पेकट्रम गैर जीवाण्वीय प्रोटीन का नोकोसोमिकल प्रभेद के खिलाफ कार्य होता है जो कि वाणिज्यपरक ऐंटी बयोटिक के उपचार के लिए कठिन है। उदाहरण स्टाफलोकोकस ओरियस मेथिसिलिन, मारिनोमोनास मेडिटेरेनिया एक मेलानोजेनिक समुद्री जीवाणु है जो कि मुरसिया तट से भूमध्यसागरीय समुद्र से पृथक्कीकृत है। समुद्री स्ट्रेस्टेपटोमैसेस से पृथक्कीकृत गैर सूक्ष्मजैविक यौगक सिसोसिमिन है। सिसोसिमिन बासिलस सेरियस और एस्केरेसिया कोली के विरुद्ध गैर जीवाण्वीय क्रिया दिखाती है।

स्ट्रेप्टोमैसेस वयोलासियूसनिगर का नया प्रभेद दो बयो एक्टिव यौगक उतपादन करते हैं, पहला गैर जीवाणु जो कोश के बाहर उत्पादित हैं, दूसरा गैर फफूंद कोश के अंदर उत्पादित है। समुद्री सूक्ष्जीवाणु जैव पृष्ठ सक्रियक और बयोरेमिडिएशन के रूप में

आजकल उपयोग किए जा रहे सारे पृष्ठ सक्रियक पेट्रोलियम से डिराइवड हैं, हालांकि सूक्ष्मजैविक पृष्ठ सक्रियक में रुचि हाल  ही के सालों में बढा हैं, यह उनकी विविधता, पर्यावरण सहज स्वभाव, किण्वय द्वारा उत्पादन की संभावना, पर्यावरण सुरक्षा में संभावित उपयोग, कच्चा तेल पुर्नस्थापन, स्वास्थ्स सुरक्षा और आहार संसाधित उद्योग के कारण है। समुद्री सूक्ष्मजीवाणु जैसे सूडोमोनस नाटिकल द्वारा उत्पादित जैव पृषठ सक्रियक का उपयोग, कच्चा तेल द्वार समुग्री के  लिए देता है। समुद्री सूक्ष्मजीवोम का उपापचयी विविधता उन्हें बयोटेक्नोलोजी के प्रयोग के लिए ही उपयोगी नहीं बनाता बल्कि उन्हें पर्यावरणीस क्षति को कम करने का साधन भी बनाता है। यानि हाइड्रोकोर्बन को साफ करना, खासकर पेट्रालियम उत्पाद पी ओरिगेनोसा और बी सूर्टिलिससि की कई जातियां रामनोलिपिड को उत्पादित करते हैं, आमतौर पर पृथक्कीकृत ग्लैकोलिपिड बयोसर्फेक्टेंट, सरफेक्टेंट, लियोप्रोटीन आधारित बयोसफेक्टेंट। रोडोकोकस रबर बयोसर्फेक्टेंट सिंथिटिक सर्फेक्टेट जो कि बढते कच्चा तेल डिसोरपशन और मिटटी कोर को गतिशील करते हैं, 65 से 82 प्रतिशत क्रूड आयिल, वे 1.4 से 2 से 3 गुना ज्यादा प्रभावकारी होते हैं।

पेट्रोलियम हाइड्रोकॉर्ब्रन के वाणिज्यपरक जैव निम्नीकृत में सूडोनोमस जाति (पी पूटिडा, पी

फलूरोसेन्स, पी अलसालिजेन्स आदि) प्रमुख स्थान रखते हैं, अन्य सूक्ष्मजीवों में जीवाणु जैसे रोडोसिरेस, आरथ्रोबेक्टर, असिनोबेक्टर, मारसिलेक्सला, बासिलेस, अलटेरोमोनास और फफूंद जैसे कानडिडा और ट्रेकोडरमा शामिल है। आहार उद्योग में आहार योज्य के रूप में बयो सर्फेक्टेंट का अच्छा उपयोग होता है। लेसिथिन और उसका अवकलज, गलेसेरोल युक्त फैटी अम्ल एस्थर, सोरबटिन या उथैल्गलैकोल और मोनोग्लेसेराइडस का इथोक्सीलेटेड डेरिवेटिवस जिसमें हाल ही में संश्लेषण किया गया ओलिगोपेपेटाइड शामिल हैं, ये आहार उद्योग में पायसीकारक के रूप में उपयोग किए जाते हैं। कानडिडा यूटिलिसिस जैव पायसीकर सलाद में अच्छा संभावना दर्शाता है।

## किण्वक उत्पाद के रूप में समुद्री सूक्ष्म जीवाणु

यह आकलित किया गया कि औद्योगिक किण्वक के लिए वैश्विक बाजार वार्षिक रूप में 10से 15 प्रतिशत बढता है, यू एस टी 4.1 बिलियन के चालू मूल्य में (हूस्टन 2008) समुद्री किण्वक बयोटेक्नोलोजी नए बयोकेटेलिस्ट प्रदान करता है जिसमें उच्च लवण सहनशीलता हैपरथरमोस्टेबिलिटि, जैव उत्प्रेरक बारोफिलिसिटी, ठंडी अपनाना और बडे मात्रा में कृषि के गुण हैं। (देबाशीश और अन्य 2005)

आज प्रोटीस कुल किण्वक बिद्री के लगभग 40 प्रतिशत बनता है, भिन्न औद्योगिक बाजार क्षेत्र जैसे साबनू आदि, आहार, चिकित्सा, लेदर, डायोगनेस्टिकस, रददी प्रबंधन ओर सिल्वर पुर्नप्राप्तिया में प्रोटीस प्रतीत होता है जो कि पर्यावरण सहज प्रौद्योगिकियों के विकास में और कइ र बयोरेमिडिएषन प्रतिक्रिया में उपयोग होता है। रक्त चाप विनिमयन में प्रोटीन हैड्रोस्लेटस महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है और नन्हों के आहार तैयार करने में, खास चिकित्सा आहारी उत्पाद और फल रस और सोफट ड्रिंक्स के प्रबलीकरण में उपयोग होता है। बासिलेस से अम्ल प्रोटीस को इलास्ट्रोस जैसे चिकित्सा में महत्वपूर्ण उत्पादों के लिए उपयोग किया जाता है जो कि जलन, पीपदार घाव, कारबनकल्स, फरनेकल्स, गहरा अबसेस और फिब्रिनोलिटिक क्रिया के थ्रोंबोलिटिक एजेंट के रूप में प्रयोग किया गया।

कैटिन का कैटिनेस हाइड्रोलिसस हाल ही के सालों में ज्यादा लोकप्रिया हो जाता है और केटिनेस उत्पादन के लिए कवच मत्स्य रददी का उपयोग पर्यावरणीय मामलों को ही नहीं सुलझाता, लेकिन सूक्ष्मजैविक कैटिनेस के उत्पादन दाम को कम करता है भिन्न सूक्ष्म जीव जैसे बी लेचिनिफोरमिस, बासिलेस सिरीयस, सेराटिया मारसेनसेस, क्रोमोबेक्टिरियम, क्लेबसिला, सूडोमोनस, क्लोस्ट्रिडियम, विब्रियो, आरथ्रोबेक्टर, स्टेनोट्रोफोमोनास मालटोफिला और स्ट्रेप्टोमैसेस

जाति से अलग किया गया अगारेस का आहार उद्योग कोस्मेटिक्स और चिकित्सा क्षेत्र में व्यापक उपयोग होते है। यह इसका उपयोग जैविकी भौतिक और कोशिका विज्ञान अध्ययनों में होता है।

## धातुई चक्र में भूमिका

नैट्रोजन, ओक्सीजन, कॉर्बन, सॅल्फर, फोलफोरस अयन और अन्य जैव घटक का चक्र जो इस धरती पर जीवन बनाए रखता है वे समुद्रों के सूक्ष्मजीवाणुओं के कारण भी हैं। आणविक नैट्रोजन का जोड अजेटोबेक्टर, क्लोस्ट्रिरडिम आदि भिन्न जीवाणुओं द्वारा अंतरकोशीय किया जाता है। सूक्ष्मजैविक ऑक्सीकरण सल्फेट में बदलता है जो कि जैविक सल्फर यौगकों के मिनेरेलैजेशन के टरमिनेल स्टेप का प्रतिनिधित्व करता है और पौधों में सल्फर का आधार बनता है। इस प्रक्रिया को सल्फूरिकेशन कहते हैं। टेसलफोरिब्रियो, देसलफोरनोनास आदि सल्फेट कम करता जीवाणु हैं।

## निष्कर्ष

समुद्री बयोटेक्नोलोजी में जल्दी विकास से, समुद्री सूक्ष्मजीवाणुओं से संभावित उपयोगी उत्पाद के खोज को गति प्रदान की जा सकती है, समुद्री सूक्ष्मजैव विविधता को पारंपरिक और सूक्ष्मजैव तकनीक के मेल से बेहतर समझा जा सकता है ताकि मानवीय अवस्था को वैश्विक रूप में समुद्ध करें, सूक्ष्मजैविक दुनिया के जननिक स्रोत के सही उपयोग और संरक्षण द्वारा बयोटेक्नोलोजी का क्षेत्र जैसे बढता है, सूक्ष्मजैविक स्रोत की संभावनाएं भी बढेगी।

OO

# अनुपयोगी ऊसर भूमि में मछली की खेती के प्रयास- एक सफल कहानी

सुरेश चन्द्रा

खेती योग्य जमीन में बढ़ती ऊसरता का प्रभाव एक चिन्तनीय विषय है। वैश्विक स्तर पर खाद्यान्नों के दामों में उछाल और भारत जैसे विशाल देश की जनसंख्या को सन्तुलित पोषण उपलब्ध कराने के परिपेक्ष्य में इस तरह की समस्याओं का उचित निदान कर उत्पादन में यथोचित बृद्धी करना अब और भी अधिक आवश्यक हो गया है। अनुमानों के अनुसार हमारे देश में लगभग 70 लाख हेक्टेयर भूमी उसर प्रभावित है, इसका 5.5 प्रतिशत यानि लगभग 13 लाख हेक्टेर अकेले उत्तर प्रदेश में विधमान है। जगह विशेष की भौगोलिक स्थिति एवं मृदा के भौतिक एवं रासायनिक गुणों में बदलाव आने से इस तरह की भूमी उपजाऊ नहीं रहती और कृषि उत्पादन प्रभावित होता है। ऊसरता का प्रभाव जगह विशेष अनुसार तरह-तरह का देख जाता है। मौटे तौर पर मुख्य रूप से लवणीय, क्षारीय एवं मिश्रित तरह की ऊसर भूमी में विधुत संचालता, मिट्टी के संरचना आदि अलग-अलग रहती हैं। इसके उपचार/सुधार से पूर्व उसरता का प्रकार, सुधार में प्रयोग होने अवयवों की उपलब्धता एवं सुधार पर होने वाले खर्च आदि का अनुमान करना आवश्यक होता है। यघपि पूरे देश में अनेक संस्थायें इस तरह की भूमी को उपचारित करने हेतु अनेक तरह के प्रयास कर रही हैं। प्रस्तुत अध्ययन सिफा द्वारा संचालित परिचालन शोध परियोजना (ओ.आर.पी.) के अन्तर्गत इलाहाबाद के लवणीय उसरता से प्रभावित एक 9.25 हे. फार्म में तीन तरह की मृदा सुधार विधियां अपनाकर 0.04-0.08 हे. जलक्षेत्र के छ तालाबों (2.6 हे.) में मछली पालन का प्रयास किया गया। इनमें औसत उत्पादन 2.86-4.23 टन/हे/वर्ष तक प्राप्त किया गया।

इलाहाबाद जनपद मुख्यालय से दक्षिण पूर्व में लगभग 25 किमी की दूरी पर कौन्धियारा ब्लाक का पवरी गाँव स्थित है। इस गाँव के किनारे पर एक 9.25 हे. कृषि फार्म है। बड़े-बड़े

---

वरिष्ठ वैज्ञानिक, शीतजल मात्स्यिकी अनुसंधान निदेशालय, प्रायोगिक मत्स्य केन्द्र
चम्पावत - 262523, उत्तराखण्ड

चकतों के रूप में पूरे प्रक्षेत्र में ब्याप्त ऊसरता के कारण यह फार्म बेहद सस्ते दाम में सन् 1989 में खरीदा गया था। इस भूमी में तीन - चार सालों तक गेंहूँ, धान सब्जियों आदि की खेती के अनेक प्रयास किये गये। लेकिन लागत के अनुरूप उत्पादन एवं लाभ प्राप्त नहीं हुआ, एवं सामान्य उत्पादन की अपेक्षा इस फार्म से धान एवं गेंहू की उपज एक चौथाई से भी कम पायी जाती थी। इसके चलते उस व्यक्ति ने यह फार्म श्री सोनकर नाम के एक नवयुवक को उसी कीमत पर बेच दिया। इन्होने भी इस फार्म में गेंहूँ, धान आदि की खेती के अनेक प्रयास किये। लेकिन प्रक्षेत्र में ब्याप्त ऊसरता के कारण उत्पादन काफी कम मिलता था। इस बीच श्री सोनकर ने एक स्थानीय कृषि मेले में मछली पालन की कुछ जानकारी प्राप्त की और स्थानीय संस्थाओं के सहयोग से 2, 0.8 एव 06 हे के तालाब खुदवाये। तालाब में 12 किमी दूर सरसेडी स्थित कार्प मत्स्य बीज केन्द्र से मिश्रित जीरा क्रय कर संचय किया। मत्स्य पालक को ऊसरता का मछलियों की वृद्धि एवं उत्पादन पर विपरीत प्रभाव तथा पालन की समुचित जानकारी के अभाव में एस तालाब से शुरुवाती वर्षों में कुल मत्स्य उत्पादन लगभग 300-700 क्रिग्रा/हे/वर्ष प्राप्त हुआ। सीफा द्वारा प्रायोजित कार्बनिक पदार्थो का प्रसंस्करण एवं मत्स्य पालन में उपयोग नामक ओ.आर.पी.के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश के इलाहाबाद इकाई द्वारा इस अनुपजाऊ प्रक्षेत्र को एक उत्पादक मत्स्य पालन फार्म के रूप में विकसित करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की गयी।

तालाबों में पानी भरकर सारा पानी पम्प की सहायता से बाहर किया गया। जिप्सम की निर्धारित मात्रा उपयोग की गयी। शुरूवात के समय प्रक्षेत्र में उसरता 4-8 डीएस/मी रहती थी, गर्मीयों के महिनों में फार्म की सफेद रेह उड़कर सिर में गिर जाति थी अतः फार्म में प्रवेश के समय सिर को ढ़ककर जाना पड़ता था औसत मत्स्य उत्पादन 300-700 किग्रा/हे/वर्ष तक रहता था। अध्ययन के प्रारम्भ में सभी सूखे तालाबों में जिप्सम 3 टन/हे/वर्ष के हिसाब से प्रयोग किये गये छः तालाबों में दिया गया। उपचार 1 ( T- 1) के तालाबों में शुरूवात में गोबर की 25% मात्रा का (3.75 टन) का उपयोग किया गया। इसके पश्चात वर्ष पर्यन्त अमोनियम सल्फेट 350 किग्रा/हे सिगल सुपर फास्फेट/350/हे/वर्ष 10 बराबर किस्तों में प्रयोग किया गया। उपचार 2 ( T- 2) में उपचार 1 के अतिरिक्त गोबर (15 टन/हे/वर्ष) 10 बराबर किस्तों में उपयोग किया गया। उपचार 3 ( T- 3) में गोबर की खाद् 10 टन/हे के अतिरिक्त 5 टन/हे यूरिया अवशोषित धान की पुवाल का प्रयोग किया गया। धान की पुवाल संग यूरिया एवं गोबर उपचार 3 के तालाबों की तलहटी में बिछा दिया गया। इनमें लगभग 1 फीट पानी भरकर 20-25 दिन तक सड़ने के लिये छोड़ दिया गया। तालाब के चारों कोनों में बांस के फ्रेम बनाकर गोबर एवं गोबर मिश्रित पुवाल का प्रयोग किया गया (चित्र)। रोहू, कतला, मृगाल एवं कौमन

कार्प प्रजातियों की 8000 एडवान्स फ्राई/हे के हिसाब से (20%, 20%, 20%, 40% ) संचय की गयी। उपरोक्त के अतिरिक्त तालाबों में सामान्य मत्स्य आहार कुल मछलियों के वजन के 3-1 प्रतिशत तक दिया गया।

जल के भौतिक एवं रासायनिक गुणों एवं मछलियों के बढ़वार आदि की नियमित अन्तराल में जांच की गयी। शुरुवात में जलीय गुणवत्ता में पी एच मान 7.3-7.6, टीडीएस 795-932 मिग्रा/लीटर एवं कन्डैक्टिविटी 1191-1386 माउक्रोमोज/सेमी तक थी एवं तीनों तरह के उपचार उपरांत जहां पी एच मान 7.8-8.5 तक दर्ज किया गया वहीं अन्य कारकों में उल्लेखनीय कमी देखी गयी। उपचार 1 एवं 2 की अपेक्षा उपचार 3 के तालाबों के जल की कुल विधुत चालकता एवं टी डी एस में अधिक कमी देखी गयी। इस तरह की कमी यूरिया अवशोषित धान की पुवाल के साथ गोवर की खाद के प्रयोग की अधिक उपयोगिता को दर्शाता है। पुवाल गोवर मिश्रित उपचार, जन्तु एवं वनस्पति प्लवकों की जनसंख्या में वृद्धि में सहायक होने के साथ-साथ पुवाल एवं गोवर के सड़े-गले अवशेषों की उपस्थिति माइक्रोफाइट को बढाने में मददगार साबित होती है। एक ओर जहां वनस्पति प्लवक उसर प्रभावित तालाबों की बढ़ी हुई पानी की टरवेंडिटी को कम करती है और जलीय परिवेश में सुधार लाती है वहीं दूसरी ओर सड़ने पर पुवाल और गोवर, वोटम वायोटा एवं जन्तु प्लवकों की जनसंख्या में केवल जिप्सम एवं जिप्सम गोवर की खाद वाले उपचार की अपेक्षा अधिक वृद्धि में सहायक होते हैं। यह मछलियों के खाद्य आहार श्रृंखला में मजबुती लाकर बढ़वार एवं उत्पादन में बढ़ोत्तरी करते हैं। उसर जमीन में पोषक तत्वों का उचित रिसाव पानी में नहीं हो पाता जिससे प्राकृतिक खाद्य श्रृंखला में खाद्य निर्माण की प्रक्रिया कमजोर हो जाती है। लवणता की उपस्थिति संचय की गयी मछलियों के आयनिक एक्सचेंत को भी प्रभावित करती है। जिसका असर छोटी मछलियों में ज्यादा देखा जाता है और उनकी शरीरिक क्रियाओं में बाधा बनती है।

एक किग्रा धान के पुवाल द्वारा लगभग 350 ग्राम तक सैलुलोज मिल जाती है लेकिन यह मात्रा प्रजाति विशेष एवं जलह अनुसार अलग-अलग हो सकती है शुष्क भार के आधार पर धान के पुवाल में 3.3-4.0% तक क्रुड प्रोटीन, 75.0% कार्बोहाइड्रेट (सैलुलोज 37% हेमिसैलुलोज 24% एवं लिग्निन 14%), राख 14 से 15%, नाइट्रोजन 0.57-0.60% फॉस्फोरस 0.08-0.1% एवं कैल्सियम 0.35-0.40% तक पाया जाता है। अमोनिया का पुवाल के साथ मिल जाने से यूरिया उपचारित धान के पुवाल में क्रुड प्रोटीन 125% तक बढ़ जाती है हेमीसौलुलोज द्वारा यूरिया अवशोषित होने से इसकी घुलनशीलता भी 8.26% तक अधिक हो जाती है

सैलवाल कम्पोनेंट भी यूरिया उपचार द्वारा प्रभावित होते हैं। जलीय तंत्र में यूरिया उपचारित धान की पुवाल प्रयोग से इसका किण्वन एवं बिघटन शीघ्र होता है और उपयोगी बैक्टिरिया पोषक तत्वों के रिसाव में सहायता होते हैं जिससे जलीय तंत्र की खाद्य श्रृंखला एक्टिवेट होती है फलस्वरुप जलीय गुणवत्ता में सुधार के साथ संचय की गयी मछलियों के लिये प्राकृतिक भोजन युक्त उपयुक्त जलीय पर्यारण उपलब्ध हो जाती है। इस प्रक्रिया की गति मुख्य रूप से ऊसरता की संघनता एवं उपस्थित कारकों पर निर्भर करती है। इसी तरह उपचार 1 में कुल मत्स्य उत्पादन का स्तर 2.8 टन/ हे/ वर्ष रहा जबकि उपचार 2 में 3.1 टन/ हे/ तथा उपचार 3 में यह उत्पादन बढ़कर 4.2 टन/ हे/ वर्ष पाया गया। उपचार 1 और 2 की मछलियों की बढ़वार में विशेष अन्तर नही देखी गया। सबसे कम वृद्धी रोहू एवं मृगाल में देखी गयी जबकि कतला और कॉमन कार्प की बढ़वार लगभग 400-1000 के बीच रही। इन प्रजातियों में कॉमन कार्प की उत्तरजीविता दर सबसे अधिक (69.12-76-56%) रही इसके बाद मृगाल एवं रोहू 51-12-59.37% की रही। कतला मछली सम्भवत: ऊसरता से अधिक प्रभावित होती है और इस अध्ययन में इसकी उत्तरजीविता सबसे कम (37.5-44.37%) पायी गयी। संचय की गयी उपचार 3 की मत्स्य प्रजातियों में रोहू मृगाल की बढ़वार 400-600 ग्राम, कतला 600-1000 ग्राम तथा कॉमन कार्प 800-1200 ग्राम तक बढ़ी। उपचार 1 और 2 की तुलना में उपचार 3 में बढ़वार एवं उत्तरजीविता दर अधिक दर्ज की गयी। यह कॉमन कार्प में 83.37% रोहू में 63.12% मृगाल में 59. 78% एवं सबसे कम कतला में 44.06% पायी गयी। मत्स्य प्रजातियों में कॉमन कार्प की वृद्धि सबसे अधिक रही उसके बाद रोहू मिग्राल एवं कतला रहे सकल

**तलिका वजन, उत्तरजीवीता एवं कुल उत्पादन किग्रा/हे /वर्ष**

| उपचार | रोहू मछलियों का वजन ग्राम | % उत्तरजीविता | कतला मछलियों का वजन ग्राम | % उत्तरजीविती | मृगाल मछलियों का वजन ग्राम | % उत्तरजीविता | कॉमन कार्प मछलियों का वजन ग्राम | % उत्तरजीवीता | कुल उत्पादन किग्रा/ हे/ वर्ष |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| T-1 | 300-600 | 52.12 | 400-800 | 44.37 | 300-600 | 56.25 | 600-900 | 69.12 | 2876.3 |
| T-2 | 300-650 | 58.0 | 400 1000 | 37.5 | 300-600 | 59.37 | 600-900 | 76.56 | 3125.80 |
| T-3 | 400-600 | 63.12 | 600-1000 | 44.06 | 400-600 | 5968 | 800 1200 | 83.37 | 4239.75 |
| | 650 | | 1000 | | 600 | | 1200 | | |



तालाब में गोबर मिश्रित पुवाल प्रयोग



यूरिया उपचारित धान की पुवाल का विघटन



प्रयोग हेतु धान की पुवाल



पवरी गाँव स्थित मत्स्य पालन प्रक्षेत्र





तालाबों से मछली उत्पादन (कौमन कार्प रोहू मृगाल कतला)

उत्पादन में ऊसर प्रभावित भूमी में कॉमन कार्प सर्वाधिक उपयुक्त प्रजाति के रूप में पहचानी गयी। चारों कोनों में गोबर मिश्रित पुवाल रखने से तथा साथ ही सही मात्रा में पूरक आहार उपलब्ध कराने से कॉमन कार्प द्वारा बंधों कों पहुंचाये जाने वाले नुकसान में कभी लायी जा सकती है। यद्यपि उसरता का प्रभाव मत्स्य पालन तालाबों में बढ़ता घटता भी है शुरुवात के मानसून महिनों में बंधों से निकले जल के साथ लवण भी घुलकर तालाब है आकर मिल जाते हैं तथा साथ ही बाहर का बरसाती पानी भी अपने साथ लवणों को लाता है जिससे इसमें अधिकता हो जाती है इसी तरह गार्मीयों में जल स्तर घटने से भी जलीय गुणवत्ता प्रभावित होती है अतः ऐसे समय में उपयुक्त प्रबंधन कार्य अपनाने आवश्यक होते हैं जिससे मछलियों की शारिरिक क्रियाओं पर असर कम से कम हो और उत्पादन प्रभावित न हो। अध्ययन से यह ज्ञात हुआ कि यूरिया अवशोषित धान की पुवाल के साथ गोबर की खाद का प्रयोग केवल जिप्सम तथा जिप्सम संग गोबर की खाद की अपेक्षा ज्यादा गुणकारी होती है। इस अध्ययन के आधार पर यह कहा जा सकता है ऊसरता प्रभावित मृदा के उपचार/सुधार में जिम्सम की मात्रा घटाकर कार्वनिक कार्वनिक खादों विशेषकर सहजता से हर जगह उपलब्ध गोबर संग धान की पुवाल का उपयोग कर तालाबों से मछली उत्पादन में बढोत्तरी के साथ उसरता में ब्रभावी कमी लायी जा सकती। इस सरल विधि के अनुपालन द्वारा एक उपेक्षित पड़ा फार्म अब एक उपजाऊ मत्स्य पालन प्रक्षेत्र मे परिणत हो कर अन्य स्थानीय मत्स्य पालकों के लिए अनुसरणीय बन रहा है इस सरलतम विधि से प्रेरित होकर इसी जनपद के अन्य मत्स्य पालकों ने इसको अपनाकर व्याप्त ऊसरता को नियंत्रित कर अधिक मत्स्य उत्पादन प्राप्त करने में सफलता प्राप्त की हे।

आभारः लेखक परियोजन प्रमुख तथा निदेशक, केन्द्रीय मीठाजल जीवपालन अनुसंस्थान, भुवनेश्वर के प्रति उनके इस कार्य में सतत् प्ररेणा एवं मार्ग दर्शन के लिए आभारी है। साथ ही इस कार्य में सहयोग देने के लिए स्थानीय मत्स्य पालकों को धन्यवाद ज्ञापित करता हूँ।

○○

# वाशी के संकरी खाडी में धातुई प्रदूषण और मत्स्य ऊतकों में उसका संचयन

**आर. चक्रवर्ती और एस.टी. गायकवाड**

भारत का 8000 किलोमीटर लंबा तटीय इलाका निचले क्षेत्र में स्थित हैं और भारी आबादी वाले हैं, जहाँ तट के 50 किलोमीटर के भीतर 250 मिलियन लोग रहते हैं। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने आंका की भारत के 9 राज्यों में 87 शहर और गांव स्थित हैं जो प्रतिदिन 5.5 मिलियन टन रददी पानी को बाहर छोडते हैं, जो कि उनके कुल पानी आपूर्ति का लगभग 80% बनता है महाराष्ट्र (45%) पश्चिम बंगाल (26%) और तमिलनाडु (9%) तीनों राज्य तटीय समुद्रों में थोक मात्रा में पानी छोडते हैं, जबकि अरब सागर में 3.22 बिलियन लिटर पानी बहता है और बंगाल की खाडी में 2.33 बिलियन घरेलू रददी पानी बहता है। आज भारत में उपचार किया गया और न किया गया घरेलू रददी पानी का अनुपात 1: 3.8 है। औदयोगिक रददी पानी का अनुपात थोडा बेहतर है, साफ किए गए प्रति लीटर पानी में 1.6 लीटर बिना उपचार किया गया पानी होता है (गोस्वामी, 2010)।

## थाना वाशी संकरा खाडी

थाना के संकरी खाडी जो मुंबई के बंदरगाह के निकट है, यह (1950 N - 19N ) अक्षांश और (72.50 E 730 E) वृत्त के बीच में है। इस खाडी का उत्तरी भाग संकरा है। यह खारा पानी का त्रिकोणीय पिंड है, जो चौडा होता है और दक्षिण में अरब सागर की ओर खुलता है। यह खाडी उत्तरी भाग में संकरा है जहां यह उल्लास नदी द्वारा आंशिक रूप में भरता है। खाडी के पूर्व और पशिचम भागों में कई औदयोगिक एकक आ गए हैं। थाने जिले में 140 बडे स्तर के उद्‌योग, 125 मध्यम स्तर के उद्‌योग और 1600 छोटे स्तर के उद्‌योग हैं। संकरी खाडी के पशिचमी भाग में जो निस्सारण हैं वे मुंबई के सीवर प्रणाली, अंबारों के जगह से रिसन, दक्षिण और केंद्रीय मुंबई के कपडों के मिलों, शैल रासायनिक खाद, चेंबूर के ताप संयंत्र और विक्रोली भांडुप, मुलुंड के औषधि और रासायनिक रिसन से हैं। थाने के संकरी खाडी के औद्योगिक क्षेत्र को रासायनिक जोन के रूप में विकसित किया गया था। इस जगह में कई औद्योगिकीय एकक

के.मा.प्रौ.सं. का मुम्बई अनुसंधान केन्द्र

हैं जो रसायन, शैल रसायन औषधि और अच्छे रासायनिक उत्पाद, कीटनाशन रूपायन के निर्माण एवं संचयन में लगे हैं। विषैले धातुओं का स्तर अयरोली से ढोंबे में उत्तर से दक्षिण में बढते औद्योगिक संयंत्रों के गंदा पानी के कारण हैं जो दक्षिण की ओर जाते समय उत्तर से दक्षिण के ओर बढता है। (कृष्णमूर्ति और अन्य, 1999, लिनाह, 2009, गोस्वामी 2010)

सालों में थाने की संकरी खाडी पास के देशों के कई मुनसिपल रददी और औद्योगिकीय निसारण के लिए एक प्रमुख विलय गर्त के रूप में काम करता है। औद्योगिकीय रददी संकरी खाडी के पानी को ही गंदा नहीं करता बल्कि जलीय जीवजात के लिए खतरा है। वाशी का दक्षिण संकरी खाडी को जांच के लिए चुना गया, पानी का नमूना, अवसाद और जलीय जीवजात को इकटठा कर विश्लेषण किया गया। इन खोजों के गुणों को प्रस्तुत कर उन पर चर्चा किया गया।

## संकरी खाडी में उपलब्ध जातियॉ

आमतौर पर खारे पानी की जातियां जैसे छोटा मुलेट, छोटा झींगे, सी बास, क्रोकर, केट मत्स्य, सिल्वर बेल्लीस, पफर मत्स्य आदि पकड में प्राप्त होते हैं। छोटे पारंपरिक/ मोटरीकृत नावों को सहायता प्रदान करनेवाले छोटे पर्ससीन का उपयोग पकड के लिए किया जाता है। संकरी खाडी के मुंह के इलाके में आनायक रिपोर्ट किया गया। मत्स्य के अलावा क्रेस्टेशियन जैसे छोटे झींगा और कर्कट संकरी खाडी में कुल पकड़ का 30% बनता है (कृष्णमूर्ती एव नायर, 1999)

**सारणी 1. वाशी के संकरी खाडी मत्स्य का संयोजन (av:n=6)**

| मत्स्य | | | नमी % | प्रोटीन % | चबी % | राख % |
|---|---|---|---|---|---|---|
| छोटा मूलेट | (12-15 cm) | *मूगिल पेरसिया* | 75.5 | 20.7 | 2.75 | 2.25 |
| छोटा झींगा | (7-10 cm) | *पालियोमोन जाति* | 80-7 | 18.1 | 0.27 | 1.41 |
| छोटा क्रोकर | (12-16 cm) | *सियानिडस* | 78.5 | 19.9 | 0.96 | 1.29 |
| छोटा केट मत्स्य | (12-15 cm) | *मैस्टेस जाति* | 77.6 | 19.3 | 1.01 | 1.53 |
| सी बास | (15-20 cm) | *लेटेस केलसारिफर* | 77.1 | 20.2 | 1.22 | 1.31 |

## धातु विश्लेषण के तरीके

स्वच्छ मत्स्यन नमूना/सूखे संकरी खाडी अवसाद कम किया गया व्यास संकरी खाडी पानी को नैट्रिक अम्ल के घोल, 70% पेरवलेरिक अम्ल और सल्फूरिक अम्ल (3:2:1 ) में पचाया

गया। तनुकृत पचाए नमूनों को GBC अटोमिक अबसोरपशेन स्पेक्टोफोटोमीटर मॉडल 932 से साधारण खोखला कैथोड लैंप (cd, cu, cr, fe, ni, ph, zn) से विश्लेषित किया गया।

## एक ए ओ स्तर

आहार में निम्न स्तर में, भारी धातु के प्रभावों को भौतिक एवं जीवरासायनिक स्तर तक रोक दिया (हटटन 1987) बच्चों के स्वभाव में फर्क एवं सीखने समझने में परेशानियां, बच्चों में लेड विषाक्तता के पहचाने गए लक्षण हैं। (लांडस्टाउन 1987) जबकि हदवाहिका रोग में कैडमियम, क्रोमियम, कॉपर, सेलेनियम और जिंक थोडी मात्रा में विद्यमान था। (शेषर 1979) निकेल, क्रोमियम और शायद कैडमियम संभावित मानव कैन्सरजन हो सकते हैं। (तनेनाका और अन्य 1983)

## सारणी 2 मत्स्य में वैश्विक स्तर

| भारती धातु<br>औसत मिग्राम/कि ग्राम | युके | आस्ट्रेलिया | वैश्विक स्तर |
|---|---|---|---|
| कॉपर | 20 | 10 | 20 |
| लेड | डिब्बाबंधित मत्स्य में 3 | 1.5 | 1.5 |
| कैडमियम | डिब्बाबंधित मत्स्य में 3 | 0.2 | 0.5 |
| क्रोमियम | . | . | 13 |
| निकेल | . | . | 80 |
| जिंक | 20 | 150 | . |

## FAO/WHO, 1984 संकरी खाडी में भारी धातुओं का वितरण

चित्र 1 में 2009-11 में संकरी खाडी पानी में भारी धातु मात्रा दर्शाता है। गैरप्रदूषित भारतीय पानी मापे गए परिवेशी मूल्य cu:1-25 g/l और Fe2-16 g/l है। (कृष्णमूर्ती और अन्य 1999) प्रति साल जनवरी-जून के दौरान 2-3 गुना उच्च तांबा देखा गया। अप्रैल-सितंबर के दौरान लगातार बारिश के मौसम के कारण संकरी खाडी के पानी में उच्च लोहा मात्रा (300-900 g/l) देखा गया। अप्रैल से सितंबर में संकरी खाडी के पानी में क्रोमियम मात्रा घट गया। साल भर में निकल मात्रा में थोडा से बदलाव नजर आया। अप्रैल से अक्तूबर में जिंक मात्रा का घटता स्वभाव देखा गया। मुंबई के बारिश के मौसम, समुद्र में औद्योगिकीय प्रदूषक के भेजने के कारण खाडी के पानी में लोहा को छोडकर बाकी भारी धातु का सांद्रा कम रहा। संकरी पानी के खाडी में कैडमियन, क्रोमियम, कॉपर, निकेल, लेड और जिंक का उच्च सांद्र जनवरी में 0.01 g/ml,

में अप्रैल में 0.07 g/ml, अप्रैल में 0.056 gm/ml, जनवरी में 0.013 g/ml नवंबर में 0.078 g/ml जनवरी में 0.071 क्रमश रहा।



चित्र 1. 2009 - 11 के दौरान वाशी के संकरे खाडी में बारी धातु मात्रा (av+ 5-10%) में फर्क

सदाशिव और त्रिपाठी ने थाने के संकरी खाडी में दिखाई दिए धातुओं का सांद्र भारतीय तटीय पानी (cu:1-25 g/Fe:2-16 g/1, Mn:1-8 g/1) की तुलना में 8 गुना उच्च पाया गया यह देखा गया कि इन धातुओं का स्तर उत्तर से दक्षिण में बढा। यह इसलिए है कि दक्षिण समुद्र की ओर जाते समय उत्तर से दक्षिण से बढते औद्योगिकीय गंदा पानी के निसारण के कारण है।

## संकरी खाडी के अवसादों में धातुओं का सांद्र

धातुओं को अवसाद और पानी के कॉलम में जीवाणवीय और रासायनिक एजेंटों द्वारा पुनः चक्रण किया जा सकता है। तटीय समुद्री अवसादों में अनुरेख धातुऔं की मौजूदगी ज्यादातर जैव सामग्री के साथ संशलिष्ट बनने का उनकी क्षमता से संबधित है। चित्र 2 में वाशी के सूखे अवसाद में कैडमियम, कॉपर, क्रोमियम, निकल, लेड और जिंग धातुओं का विकास दिखाया गया है। लोहा को छोडकर भारी धातुओं का सांद्र में मुंबई में बारिश के मौसम में निम्न स्तर में घटाया गया, यह औद्योगिक प्रदूषकों को समुद्र में भेजने के कारण हैं। कैडमियम, क्रोमियम, कॉपर, निकेल, लेड और जिंक का उच्च सांद्र अवसादों में जनवरी में 0.0183 g/ नवंबर में 53.4 g/g , जनवरी में 71.2 g/g, दिसंबर में 27.8 g/g, नवंबर-अक्तूबर में 7.3 g/g और जनवरी में 0.62.4 g/g क्रमश था। सदाशिवन और त्रिपाठी (2001) ने थाने के संकरी खाडी के अवसाद में आविषालु धातु कैडमियम, क्रोमियम और कॉपर का उच्च सांद्र रिपोर्ट किया जो कि 0.1 से 0.3, 60 से 65 और 90 से 98 g/g के रूप में था।



चित्र 2 वाशी के संकरी खाडी में सूखे अवसाद में भारी धातुएं (av+ 5- 10%) में बदलाव

चित्र 3 मई से सितंबर महीने में संकरी खाडी में अन्य मात्रा (425 - 550 g/g) दर्शाया, यह बारिश के मौसम के दौरान मिटटी के छीजन के कारण हुआ। हालांकि संकरी खाडी के पानी में 0.03-0.9 g/ml स्तर में लोहा मौजूद था, यह निलंबित कणों और अवसाद में लोहा लवण आक्साइड के अघुलनशीलता के कारण हैं।



चित्र 3. 2009-11 के दौरान वाशी के संकरे खाडी में सूखे अवसादों में लोहा मात्रा (av+ 5- 10%) में फर्क

## मत्स्य में भारी धातुओं में संचयन

जीवाणवीय पद्धति में आविषालु यौगक तभी संचयित होता है जब उदग्रहण निरसन के दर

को पार करें। आविषालु यौगक जीव के आविषालु यौगक शरीर में आस पास से प्रवेश करती हैं और जैव संचयन के द्वारा यह कुछ उतकों में संचयित होता है। जाति, आवास, निकटता, सहनशक्ति की सीमा आदि के आधार पर जलीय जीवों के उतकों में भारी धातु का संचयन निर्भर करता है। चित्र 4 भिन्न मौसम में छोटे मुलेट के पेशी और आंत में भारी धातु दर्शाता है।



(चित्र 4) 2010-11 में वाशी के संकरी खाडी में छोटे मुलेट के पेशी और आंत में बारी धातु मात्रा में फर्क दर्शाता है।

यह पेलैजिक जातियां आस पास से भारी धातुओं को संचयित किया और संकरी खाडी के पानी की तुलना में उनमें पेशी का स्तर 2 से 10 गुना ज्यादा था। (चित्र 4) सामान्यतः गर्मियां और सर्दी की तुलना में अन्य मौसमों में पेशी में भारी धातुओं का संचयन ज्यादा था। यह खपत पेशी में भारी धातुओ का स्तर विश्व स्तर (सारणी 2) के निर्धारित स्तर से बहुत कम था। आंत में पेशी की तुलना में 2 से 15 गुना ज्यादा भारी धातुएं मौजबत थी। कुछ मामलों में भारी धातुओं का स्तर उदाहरण लेड, मत्स्य में अनुमेय सीमा से ज्यादा था। आंत को निकालना और पकाने के पहले सही सफाई तरीकों की जरूरत है ताकि मत्स्य का सुरक्षात्मक खपत हों।

सारणी 2 में वाशी के संकरी खाडी से पकडे झींगा और मत्स्य में उपलब्ध भारी धातुओं का मौसमी फर्क दर्शाया गया है। सारणी 3 में मौसम में पकडे गए मत्स्य में भारी धातु मात्रा को दर्शाया गया है। सरणी 3 में मौसम में पकडे गए मत्स्य में भारी धातु मात्रा को दिखाया गया है। क्रोकर के आंत में और झींगा के सिर में लेड मात्रा 1.5 ppm के करीब था, यही नहीं, गर्मियों

सारणी 2, 2009-11 में वाशी के संकरी खाडी से पकडे गए मौसमी मत्स्य में भारी धातुओं (av: n = 6) गया  में मौसमी फर्क

| मत्स्य का किस्म | मौसम | | केडमियम | क्रोमियम | कॉपर | अयन | निकेल | लेड | जिंक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| छोटा झींगा | ग्रर्मी | पेशी | 0 | 0.04 | 2.53 | 4.87 | 0.005 | 0.279 | 5.03 |
| | | सिर | 0.009 | 0.10 | 26.04 | 40.02 | 0.491 | 1.345 | 8.19 |
| | सर्दी | पेशी | 0 | 0.05 | 1.82 | 4.26 | 0 | 0.022 | 1.28 |
| | | सिर | 0 | 0.17 | 12.66 | 29.55 | 0.598 | 0.185 | 1.62 |
| | गर्मी | पेशी | 0 | 0.12 | 0.77 | 31.17 | 0 | 0.699 | 3.36 |
| | | आंत | 0.072 | 0.54 | 1.17 | 224.78 | 0.434 | 1.231 | 9.88 |
| | सर्दी | पेशी | 0.004 | 0.16 | 0.29 | 6.71 | 0.388 | 0.954 | 1.39 |
| | | आंत | 0.008 | 0.29 | 1.92 | 26.58 | 1.006 | 1.508 | 5.58 |

सारणी 3, 2009-11 में वाशी के संकरी खाडी से पकडे गए मौसमी मत्स्य में ppm में भारी धातु (av: n = 6)

| मत्स्य का किस्म | मौसम | | केडमियम | क्रोमियम | कॉपर | अयन | निकेल | लेड | जिंक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| छोटा कैट मत्स्य | ग्रर्मी | पेशी | 0 | 0.193 | 0.801 | 14.86 | 0 | 0.514 | 5.16 |
| | | आंत | 0.019 | 2.427 | 4.22 | 415.82 | 0.216 | 0.803 | 15.58 |
| सी बास | सर्दी | पेशी | 0.011 | 0.091 | 0.303 | 7.62 | 0.425 | 0.078 | 2.26 |
| | | आंत | 0.055 | 0.178 | 0.533 | 47.98 | 0.525 | 0.224 | 3.837 |

में झींगा के सिर में कॉपर की मात्रा अनुमेय सीमा से ज्यादा था अत: सुरक्षात्मक खपत के लिए क्रोकर का आंत निकालना चाहिए झींगा सिर अलग करना चाहिए। कृष्णमूर्ति और नायर (1999) ने थाने के संकरी खाडी के झींगों में तांबा, जिंक, कैडमियम, लेड और जिंक के स्तर को रिपोर्ट किया गया कि यह खपत के निर्धारित सीमा को पार नहीं किया।

**समस्याओं का हल**

**क.** उपयुक्त साधन तरीका

आंत में पेशी की तुलना में भारी धात 2 से 15 गुना ज्यादा था। कुछ मामलों में बारी धातुओं का स्तर उदा लेड, छोटे मुलेट में मत्स्य के अनुमेय सीमा से ज्यादा था। क्रोकर के आंत

में और झींगा के सिर में लेड की मात्रा 1.5 ppm था। सीमा पर गर्मियों में झींगा के सिर का तांबा मात्रा अनुमेय सीमा से ज्यादा था। मत्स्य के सुरक्षित खपत के लिए क्रोकर और झींगा का सिर अलग करना और पानी में इसे साफ करनी चाहिए।

**ख.** समेकित तटीय प्रबंधन योजना

समुद्री सीमा का बढना, बाढ, रददी पानी प्रदूषण और सार्वजनिक स्वास्थ्य पद्धतियां तटीय आबादियों के लिए खतरा है। (गोस्वामी 2010) केंद्र सरकार की एजेंसियां एक तरीके को बढावा दे रहे हैं जिसमे मौसम फर्क कोशिश, व्यापक विकास और बेरोजगारी कम करने का एजेंडा शामिल है जिसमें तापमान-लचीला और धारणीय आर्थिकता को बढावा दिया जा सके। समेकित तटीय प्रबंधन एक निरंतर और अनुकूली तरीका है जिसमें काम होता है जो कि कई सार्वजनिक और निजी सत्ता द्वारा किया जाता है। समेकित तटीय प्रबंधन का मुख्य उद्देश्य तटीय पारिस्थिति तंत्र का निष्ठा बनाए रखना और तटीय संपदाओं से संबंधित महत्वपूर्ण मानवीय मूल्य के बनाए रखना है। (राजमूर्ति और अन्य 2001)

विज्ञान और प्रौद्योगिकी, पर्यावरण औऱ जंगल का तटीय प्रबंधन पर कार्यक्रमों की रिपोर्ट संसदीय समिति द्वारा 20 मार्च 2009 में राज्य सभा को प्रदान किया गया, जिसमें से एक संकेत मिलता है। समिति की यह धारणा है कि देश के पूरे तटीय क्षेत्र के लिए आम प्रबंधन योजना सही नहीं लगता। समिति यह महसूस करती है कि यह भिन्न राज्यों के लिए खास रूप में अभिकल्पित होनी चाहिए जहां विविध तटीय लोगों का खास संस्कृति पर ध्यान दिया जाना चाहिए जो समुद्र से जुडे हैं और हमारे तटों की रक्षा करते हैं (गोस्वामी 2010) मुंबई के महानगर इलाके में रददी प्रबंधन के लिए समेकित पैठ की जरूरत है। समेकित तटीय प्रबंधन को प्रभावकारी होने के लिए तटीय और स्थलीय पर्यावरण का मानीटरन की जरूरत है। मानीटरन का परिणाम प्रबंधन कार्यो के प्रतिसूचना साधन को सुधार लाने में उपयोगी होगा। (राजमूर्ति और अन्य 2001)

○○

# मत्स्य मूल्य जोड में उद्यमकर्ता विकास

**वी. गीतालक्ष्मी, एस. आशालता, डानियल राज और एम. नासर**

**प्राक्कथन**

आकर्षक नमकीनों की आदत पडे नौजवानों में तुरंत आहार की मांग बढी है और वे स्वास्थ्य के महत्व को नजरअंदाज करते हैं। लोगों में मोटापा और जीवन यापन से संबंधित स्वास्थ्य की समस्याएं आम बात बन रही हैं और युवावस्था से ही अच्छे खाने पीने की आदत डालनी चाहिए ताकि शारीरिक परेशानियाँ दूर हों।

मत्स्य की खूबियों के बारे में विशेष बल देने की जरूरत नहीं है। मत्स्य में भरपूर मात्रा में मौजूद ओमेगा 3 फैटी अम्ल आंख व स्नायु तंत्र के लिए फायदेमंद हैं और यह जोडों के दर्द को भी कम करता है। तुरंत आहार नमकीन के बदले में मत्स्य आधारित नमकीन से नमकीन का मजा भी मिलेगा और यह प्रोटीन का स्रोत भी बनेगा।

जिम्मेदार पैदावार और चूने हुए छोटे वेलापवर्ती और स्वच्छ पानी मत्स्य पर आधारित एन ए आई पी परियोजना के तहद चूलियार अनूसूचित जाति व जनजाती के मछुवारिनों के दो संभावित गुटों को मूल्य जोड एवं व्यापार को मददेनजर मत्स्य के विपणन पर प्रशिक्षण दिया गया। यह पर्चा चूलियार मछुवारिन सहकारिता द्वारा सफलतापूर्वक किए गए काम और सामने की गई परेशानियों पर चर्चा करती है।

**उद्यमकर्ता विकास एवं महिला**

रोजगार पाने और गरीबा लोगों के जीवन शैली को बदलने के लिए छोटे स्तर पर उद्यमकर्ता एक मात्र हल है। ग्रामीण इलाकों में इन चुनौतियों से निपटने के लिए सूक्ष्म उद्यमकर्ता सहायक होगी। सूक्ष्म उद्यमकर्ता न केवल राष्ट्रीय उत्पादन बढाता है उद्योग प्रदान करता है बल्कि गांव के महिलाओं में आर्थिक आजादी, व्यक्तिगत एवं सामाजिक क्षमता प्रदान करता है। उनका आत्मविश्वास बढता है और उनका जीवन स्तर बढाया जा सकता है। उनका नेतृत्व गुण और निर्णय लेने की क्षमता से गरीब महिलाओं में समाजिक समानता बन सकती है।

---

के मा प्रौ सं, कोचि 29




उत्पन्नों के साथ ठेकेदार

गांव की महिलाओं में देशी ज्ञान, क्षमता रखनेवाले तथा उद्यम को स्थापित एवं प्रबंध करने की क्षमता रखती हैं। लेकिन उनको ऋण की जानकारी, प्रायोजक, प्रमाणीकरण तरीका, सरकारी कल्याण कार्यक्रम पर जानकारी, अभिप्रेरण, परिवार सरकार और अन्य संगठन द्वारा तकनीकी क्षमता और सहयोग पर कम जानकारी ही प्राप्त हैं। यही नहीं गांव के महिला उद्यमकर्मियों का तंत्र एक बड़ी चुनौती है क्योंकि उन्हें सामाजिक अवरोधों को अभिभूत करने की जरूरत है और पुरुष प्रधान व्यापार में उतरना एक चुनौती हैं।

**मत्स्य आधारित छोटे स्तर के लोक उद्यम**

मत्स्य, उच्च गुण प्रोटीन का भरापूरा आधार है, यह आमदनी का महत्वपूर्ण आधार है और यह गांव के आबादी खासकर महिलाओं को रोजगार का अवसर प्रदान करती है। अन्य क्षेत्र जैसे कृषि में महिला उद्यमकर्ताओं का प्रवेश राष्ट्रीय आर्थिकता में उनका सहयोग दिखाता है। महिलाओं को लाधुनिक प्रौद्योगिकियों का लाभ उठानी चाहिए और निर्यात बाजार में अपनी पहचान बनानी चाहिए ताकि संगठित क्षेत्र में बड़ा रोजगार उत्पन्न कर सकें। लेकिन मास्यिकी क्षेत्र में मत्स्य उत्पादों के खराब होने की प्रकृति के कारण अच्छी तकनीकी मदद के बिना मत्स्य उत्पादों का विपणन सफल नहीं होगा। यही नहीं उपभोक्ता के स्वाद को बदलनी चाहिए जो कि पारंपरिक मांस या शाकाहार पर आधारित नमकीन से आदत पड गई है। नए उत्पादों की जरूरत है जो कि युवक और बच्चों को एक साथ आकर्षित करें।

उत्पादन, संसाधन और वितरण में जो प्रौद्योगिकीय बदलाव आए वह आज आहार बाजार

को चलाता है। बदलते जीवन स्तर, बढता आय और आहार और स्वास्थ्य पर बढती जागरूकता से उपभोक्ताओं के आहार के मांग में एक नयी प्रवृत्ति दिखाइ दे रही है। अतः आहार उत्पादों में एक कडी गुण्ता नियंत्रण, मूल्य जोड और उपभोकता निवेदन महत्वपूर्ण बनता है। इसी स्थिति में कें मा प्रौ सं जो कि गुणता नियंत्रण पर अधिकार रखती है, महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।

## चुल्लियार बांध मात्स्यिकी

चुल्लियार बांध गायत्रीपुषा़ नदी के उपनदी के पार स्थित है जो कि केरल के पालक्काट जिले में पश्चिमी घाट के पृष्ठभूमि में है। यह 159 हेक्टरों में फैला है जो कि उच्च उत्पादक है जिसका औसत वार्षिक उत्पादन 45 टन हैं। मछुवारे जो चुल्लियार अनूसूचित जाति/जनजाति हौज मात्स्यिकी सहकारिता समिति के तहद आते हैं, वे पूरे साल में मत्स्यन में लगे हुए हैं। पूरे मत्स्य उत्पादन को बीना मूल्य जोड के कम दाम में बेचा गया। हौज मात्स्यिकी में किए गए उत्कृष्ठ अध्ययन ने यह दर्शाया कि मूल्य जोड द्वारा आमदनी को बढाया जा सकता है।

## मछुवारिनों की क्षमता बढाना

चुल्लियार अनूसूचित जाति/जनजाति हौज मात्स्यिकी सहकारिता समिति के मछुवारिनों को दो गुट ण्न्मा और स्नेहम में विभाजित कर प्रशिक्षण श्रृंखला द्वारा उत्पादन विकास के बारे में सिखाया गया। परियोजना दल द्वारा भिन्न कार्यशालाओं से अच्छा निर्माण अभ्यास प्रदर्शित किया गया। उन्हें आधुनिक संवेष्ठन पद्धतियों के बारे में भी सिखाया गया ताकि अंतिम उत्पाद उपभोक्ता को आकर्षित दिखें।



प्रशिक्षण सत्र चल रहा है।

महिला गुटों को सही आंकडा बनाए रखने और प्रबंधन पर प्रशिक्षण दिया ताकि संसाधन केद्र में विकसित उत्पादों को सफलतापूर्वक विपणन किया जा सके। पालक्काड शहर में एक फुटकर बाजार को खोला ताकि सहकारिता द्वारा संसाधित उच्च मात्स्यिकी उत्पादों का विपणन करें।

## विपणन

उत्पादन को शुरू करने के पहले या खास बाजार को चुनने हेतू कुछ सामान्य नियमों पर विचार किया जाना चाहिए और एक विपणन तरीके को विकसित किया गया। ज्यादातर मत्स्य उत्पादक उत्पाद पर ज्यादा ध्यान देते हैं न कि बाजार पर जो उत्पादक अच्छा विपणन तरीका विकसित करता है और उत्पादन सा ही विपणन को महत्व देता है, उनका दूसरों की अपेक्षा ज्यादा सुविधा होता है जो इस पर महत्व नहीं देते।

विपणन तरीके को विकसित करने के लिए तीन घटक शामिल होते हैं (1) मौजूदा स्थिति को निर्धारित करना (2) अंतिम विपणन लक्ष्य को निर्धारित करना (3) मौजदूर स्थिति में अंतिम लक्ष्य तक पहुंचने के लिए तर्कसंगत योजना विकसित करना। खास बाजार की समझ और निर्धारण की जरूरत है, साथ में आपूर्ति और मांग का महत्व, बाजार का मौजूदा स्थिति का ध्यान रखना है इसे पाने के लिए, पालघाट के जिला के उपभोक्ता रूपरेखा का अध्ययन किया गया ताकि उपभोक्ता के पसंद के नमकीन के बारे में पता लगाया जा सके। यह देखा गया कि उपभोक्ता, मत्स्य से स्वास्थ्यपरक और सुरक्षित नमकीन के लिए ज्यादा दाम दने के लिए भी तैयार थे।

दूसरा घटक "जो अंतिम बाजार लक्ष्य" निर्धारण से संबंधित है इसका मतलब यह कि




फिशमेइड उत्पन्नों का प्रदर्शनी




पालक्काड जिले में फिश मेजिक का खुदश बाज़ार

उद्यमकर्ता को यह जानना चाहिए कि भिन्न स्तर के प्रचालन के लिए कितना खर्चा होगा और निम्न दामों में लक्ष्य को पाए। प्रचालनात्मक दाम से लक्ष्य का स्तर उद्यमकर्ता को खतरा उठाने और व्यक्तिगत और विपणन लक्ष्य पर आधारित होता है। इसके लिए संस्थान का वाणिज्य और मत्स्य आधारित नमकीनों के लिए उत्पादन के लिए छोटे स्तर की एकक के प्रचालन पर योजना बनाई गई। उपकरणों को खरीदने के लिए और उत्पादन के लिए जरूरी चीजों को खरीदने के लिए 1,30,000 रुपए की लागत होगी। जबकि प्रति महीने का प्रचालनात्मक दाम जब एकक पूरी तरह काम करें तो 28,000 रुपए लगता है। यह भी तरीका बनाया गया जहां एकक को बिजिनस तरीके में चलाने के लिए महिला गुटों को इस प्रकार उत्पादन और विपणन करना होगा ताकि उन्हें प्रचालनात्मक और निवेश दाम से परे आय हो जो प्रतिदिन 1250 बनता है।

होनेवाले बिक्री के निर्धारण के अनुसार विपणन लक्ष्य निर्धारित किया जाता है और इसके लिए उपयुक्त विपणन योजना तैयार किया गया। फुटकर बाजार जो कि सहकारिता द्वारा किराए पर था वहां से उत्पादों को बेचा गया। प्रायोजन और प्रदर्शिनी द्वारा उत्पादों को लोकप्रिय किया गया। एक ब्रेंड नेम के तहद उत्पादों का उपभोक्ता स्वीकार्यता मिला, चूंकि के मा प्रौ सं द्वारा तकनीकी सहयोग प्रदान किया गया। कुछ मूल्य जोड उत्पाद के लिए स्वच्छ पानी मत्स्य आर्थिक रूप से फायदेमद नहीं था उन मत्स्यों की निम्न उपज के कारण हैं। इसलिए इन उत्पादों के उत्पादन के लिए उपयुक्त समुद्री मत्स्यों को प्रतिस्थापित किया गया जिससे एकक के प्रचालन का दाम संकलित हों।

एकक में रोहू और कटला से तैयार किए गए मूल्य जोड और खाने में आसान मत्स्य उत्पाद आज के स्वास्थ्य सजग उपभोक्ता के गुणता स्तर के अनुसार हैं। चुल्लियार हौज से हर दिन के पकड से स्वास्थ्यपरक नमकीन तैयार किया गया है इसलिए स्वच्छता सुनिश्चित है। गुटों के सदस्यों को उत्पाद विकास और उनके गुण्ता स्तर को बनाए रखने के लिए प्रशिक्ष्त किया गया। मत्स्य कटलेट, मत्स्य बरगेर, मत्स्य समोसा, रोल, कंदमूल मत्स्य कडी और भूना हुआ मत्स्य कुछ मत्स्य पदार्थ हैं जो "फिशा मेजिक" से बेचा जा रहा है जो आधुनिक मत्स्य फुटकर बाजार है जो पालघाट के एस बी जंक्शन में स्थित हैं। "फिश मेड" के नाम से मात्स्सिकी विभाग के SAF परियोजना के तहद, इस एकक को स्थापित करने के लिए वित्तीय सहायता मिली। शुरूआत में चुल्लियार में एकक के स्थापना के बाद मछुवारिनों को कई समस्याओं का सामना करना पडा। उत्पादों के लिए बाजार का रूप और मांग को समझने में छह महीने से अधिक समय लगा। अब ये मछुवारिन अधिकृत और जीवकोपार्जन के लिए खुश हैं। कच्चे मत्स्य की तुलना से उन्हे मूल्य जोड से 35 से 40% उच्च आमदनी मिलती हैं। मछुवारित अभी आत्मविशवास के साथ हैं और एक बार व्यापार बढने से लोगों को काम दिलाने की अवस्था में हैं।

**उपसंहार**

बढती आय, गरीबी, बदलते रहन सहन और भारत के मध्य और उच्च वर्ग उपभोक्ता आहार बाजार को आनेवाले दिनों में बदलेगा। प्रशिक्षित मछुवारिनों द्वारा मूल्य जोड उत्पादों के उत्पादन और विपणन के लिए एकक स्थापित किया गया। उपभोक्ता द्वारा पसंद किया गया कुछ मात्स्यिकी उत्पाद को एकक में संसाधित किया गया जिसे महिलाओं द्वारा सफलतापूर्वक विपणन किया जा सका। मछुवारिनों का शर्मीलापन दूर हुआ और आत्मविश्वास के साथ खुद का व्यापार कर सकती हैं। एकक को बेहतर बनाने के लिए उपयुक्त कदम उठाए जा रहे हैं ताकि उत्पादों को अमीर उपभोक्ताओं के लिए सुपर मार्केट में उपलब्ध कराया जाए।

○○

# नागपटिनम जिले के तटीय प्रदेशों में जलीय संवर्धन आधारित समेकित कृषि प्रणाली

सेलवरसु और एल. कृष्णन

## प्रारंभ

एम एस स्वामिनाथन अनुसंधान फाउन्डेशन तमिलनाडु के नागपटिनम जिले के सिरकाली तालूक में सभी को मत्स्य अनुसंधान और प्रशिक्षण केन्द्र पूम्पुहार में सक्रिय रूप में कार्यरत संस्थान है। तटीय क्षेत्र, समुद्री मात्स्यकी क्रियाकलापों से हावी होने पर भी तटीय क्षेत्र के गाँवों के लोग विविधकर घानों की खेती करते हैं। बढ़ती हुई आबादी और भूमी की प्रतिशीर्ष अनुपलब्धता के कारण खाद्य उत्पादन के लिए भूमि का क्षैतिज विस्तार के लिए मुश्किल से अवसर है। तटीय धान उत्पादन विभिन्न प्राकृतिक दुर्घटनाओं (सुनामी, बाढ़, लवणीकरण, सूखा, अकाल) की उच्च खतरा से जुडे हुए हैं। अधिकांश कृषकों को संपदा निरोध, आर्थिक रूप में गरीब और निम्न स्थान और समय पर उच्च उत्पादकता ही एक ही एकान्तर विकल्प है। सभी प्रणालियों में बाहरी निवेशों का आश्रय दूसरे वर्षों से घट जाता है जो सूचित किया जाता है कि दीर्घ अवधि तक समेकित कृषि प्रणाली अत्यधिक स्वयं पर्याप्त और चिरस्थायी होगा यह जयंती et.al (1997) की उपलब्धियों के समान है। इस कागज़ में समेकित कृषि संबधी 16 हस्तक्षेप का विवरण दिया जाता है।

## सामग्रियाँ व तरीके

तमिलनाडु के नागपटिनम जिले के तटीय क्षेत्र सिरकाली ब्लॉक में अध्ययन संचालित 2010 से 2011 के दौरान नेम्मेल गाँव के कावेरी नदी नलिका सिंचाई में अध्ययन संचालित किया गया। अध्ययन क्षेत्र की मिट्टी अत्यधिक काले PH 81, EC 1.4 और NP और K से युक्त मिट्टी क्रमानुसार 78.81 14 और 122.5 कि ग्रा/हेक्टर के थे। चावल की अकेली खेती जैसी परंपरागत प्रणाली की तुलना में। FS के छः नमूनों से युक्त मॉडल है।

## उपचार का विवरण

1. अकेली चावल

---

एम.एस. स्वामिनाथन रिसर्च फौन्डेशन, पुमपुहार - 609105

2. पशुझव + कुकुट पालन

3. धान + मछली व कुक्कुट पालन

4. पशुधन + मछली+ कुक्कुट पालन + चारे खेती

5. चारे खेती + तरकारी खेती

6. मत्स्य + चारे खेती + तरकारी खेती

2010-2011 वर्ष में साम्बा मौसम की गीली भूमि में चावल ADT 38 को प्रयुक्त किया गया था। 30 सेन्टों में मत्स्य स्टाकिंग के लिए तालाब बनाया गया था। इस तालाब के लिए जल को सिंचाई नलिका जहाँ जल 6-8 महीनों के लिए उपलब्ध था। संवर्धन के बाकी समय जल बोरवेल से लिया जाता था। इन्डियन मेजर कार्प जैसे कि कतला (कतला कतला) रोहु (लेबियो रोहिता म्रिगल (सिरहिन्स म्रिगला) और विदेशी शहरी जैसे साधारण शफरी (सिपरिन्स कार्पियो वर कम्यूनिस) सिलवर कार्प (हाइपोप थालमिथेस मॉलीट्रिक्स) और ग्रास कार्प (टेनो फारिनगोडन इडेल्ला) को मानक दर पर स्टॉक किया गया। उपर्युक्त शफरियों को कुल 650 किशोरों का स्टॉक करके 8 महिनों के लिए खेती की गयी। मछलियों का औसतन वज़न 500 ग्राम और मत्स्य का कुल पैदावार 387 की ग्रा थे। 15% कतला, 15% सिलवर कार्प, 20% रोहु, 15% म्रिग्रल 20% आम शफरी और 15% ग्रास कार्प से 5000 से 75000 हेक-1 स्टाकिंग सांद्रण से बहु खेती समाकलन अधिकतम 3742 की ग्रा हेक्टर पैदा किया। यद्यपि अध्ययन में विविधकर उद्यम जैसे कि मत्स्य और कुक्कुट, उत्पाद को चावल के तुल्य उत्पाद के रूप में (सिंग et.al, 2005) के सुझाव के अनुसार परिवर्तित किया जाता है। केवल कुक्कुट काष्ठों को



मत्स्य तालाब जल - खेती के सिंचाई के लिए

खाद्य स्त्रोत के समान रखता है। 25 गिरिराज कुक्कुटों को मत्स्य गडुडे में बढाया गया है। पशुधन के रूप में 2 क्रॉस किए गए मिल्च पशु एक बछडा और दस बकरियॉं है। मिल्च गायों से प्राप्त खाद्य को खेत व चारा अपशिष्टों को कम्पोस के रूप में और तरकारी रद्दियाँ और बकरियों के खाद को कृमि कम्पासिट के लिए प्रयुक्त किया जाता है। धान व पशुचारे पैदावार जैसे विविध क्रियाकलपों के लिए आवश्य श्रम अभिलेखित करके प्रति हेक्टर के लिए प्रतिदिन 'मानडे' दिया जाता है। (जयंती 1995)




संपदा के पुनर्रावर्तन करनेवाला IFS मॉडल

### अभिलेखित निरीक्षण

- उत्पादकीय प्रणाली
- आई एक एस यूनिट (रु/ हे) के अर्थशात्र
- रोजगारी उत्पादन (श्रम दिन)
- लिंक सम्बद्ध इन्डेक्स (LRI) = N11x100/N10

जहाँ

N11 - कृषकों के प्रयोगों का अंतिम आय

N10 - IFS नमूने के अंतिम आय

## परिणाम एवं चर्चा

(a). उत्पादकता प्रणाली विस्तृत रूप में मोडलों के बीच भिन्न है। पशुधन + मत्स्य + कुक्कुट + चारे खेती 2010-2011 के दौरान ₹ 70919/ हे के साथ उन्नत उत्पन्न और उत्पादकता को अभिलेखित किया गया है। पारंपरिक प्रणाली के अनुसार चावल धान प्रति हेक्टर के लिए ₹ 33446 प्रदान किया गया। विश्लेषणों ने साबित किया कि पशुधन + मछली + कुक्कुड + चारे खेती अकेले चावल की तुलना में लाभदायक है। ऐसी उपलब्धियों के बारे में थटनागर et.al, (2005) और रंगस्वामी et.al, (1988) में रिपोर्ट किया गया है। प्रतिदिन इस प्रणाली की उत्पादकता पारंपरिक की तुलना में (18.2 की ग्रा हेक्टर/प्रतिदिन की तुलना में IFS में उन्नत था (42.6 कि ग्रा । है /दिन)



उत्पादकता सकल आय/प्रति की ग्रा दाम (चावल का तुल्य दर)



### (b) आर्थिक व्यवस्था

अध्ययन किए गए कि भिन्न माडल के अनुसार + पशुचार +मछली + कुकुट + चारे धान आदी ने अधिकतम सकल आय ₹ 70919 । हेक, सकल आय 35946/ हेक BC और दर 2.0 रजिस्ट्रीकृत है। यद्यपि मत्स्य संवर्धन पर स्पष्ट वैज्ञानिक जानकारी होने पर भी 16 हस्तक्षेपों में एक कृषक को 3742 की ग्रा मत्स्य /हे /10 महीनों को प्राप्त हुआ। प्राप्त कुल आय ₹ 90000 थे।






### (c) रोजगारी निर्माण और LRI

पशुधन + मत्स्य + कुक्कुट पालन + चारे धान प्रणाली 1383/ श्रम दिन/ वर्ष /हेक्टर को अधिक रोजगार सुविधाओं को प्रदान करता है। उपरोक्त प्रणाली में 45.7% उन्नत LRI रजिस्ट्रीकृत है।

## (d) विकास गतिविधियाँ

सभी केलिए मत्स्य और प्रशिक्षण केन्द्र एम एस स्वामिनाथन अनुसंधान का फाउन्डेशन, पूम्पुहार आर्थिक सहायता ब्याज दर पर ऋण सुविधाएँ प्रदान करता है और IFS के अभिग्रहण के लिए विकसित सहायताएँ भी प्रदान करता है।

## उपसंहार

वर्तमान अध्ययन के आधार पर समाप्त किया जाता है कि मत्स्य पोनों के साथ ज्ञान एवं कुकुटों के बहु संवर्धन, तटीय कृषकों की आर्थिक अवस्थाओं के लिए लाभदायक होगा ऐसे सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार लाएगा।











# लघु पैमाने की मात्स्यिकी प्रौद्योगिकी स्थानांतरण अंतराल - एक स्वोट (SWOT) विश्लेषण

चार्ल्स जीवा

देश की खाद्य टोकरी, पौष्टिक सुरक्षा समाजिक लक्ष्य, दीर्घकालिक प्रचुर विदेशी मुद्रा आमदनी, रोजगारी एवं आय का उत्पादन इसके अलावा उद्योगों के लिए सहायता प्रोत्साहित करने की दृष्टि में देशीय आर्थिकता में मात्स्यिकी क्षेत्र एक मुख्य भूमिका निभाता है। यह मालुम तथ्य है कि भारत में मात्स्यिकी विस्तार व विकास 28 राज्यों के सरकार और सात संघ क्षेत्र करते हैं और संघ सरकार को समग्र समन्वयन व प्रबंध उत्तरदायित्व है। मात्स्यिकी विस्तार आधारीय तौर पर विकास अभिविन्यस्त होने के कारण उसका व्यापार कई सरकारी व गैर सरकारी संघटन करते हैं। यद्यपि अनुसंधान व प्रौद्योगिकी स्थानांतरण में ग्राहक के संपदा कमज़ोर प्रकृति सामाजिक विकास में असंतुलन, जल निकायों पर मौसम अनिश्चितता सक्रिय बाज़ार अवस्था और अन्य कई कारणों से प्रौद्योगिकी अंतर (रिक्ता) विद्यमान है।

आयोजित मात्स्यिकी विकास काम में समाज में मात्स्यिकी प्रौद्योगिकियों के फैलाव और अभिग्रहण द्वारा परिवर्तन व विकास लाने में प्रौद्योगिकी स्थानांतरण महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

विभिन्न राज्यों व संघ राज्य क्षेत्रों, केन्द्र सरकार संबंद्ध संगठन और गैर सरकारी संगठन आदि समुद्री मात्स्यिकी, मीठे पानी जलीय संवर्धन, तटीय जलीय संवर्धन, मात्स्यिकी औद्योगिक क्षेत्रों के अंतिम उपभोक्ताओं को प्रौद्योगिकी स्थानांतरण के लगातार प्रयत्न कर रहे हैं। उनको मत्स्यन नाव, मत्स्यन जाल, बोर्ड के बाहर माटेरे और समुद्री मात्स्यिकी के अन्य मत्स्यन सहायक सामग्रियों और देशी मत्स्यन के लिए विभिन्न निवेशों को अर्थिक सहायता के आधार पर या विभिन्न योजनाओं द्वारा ऋणों के रूप में दिया जाता है। मछुवारे कल्याण निगम के ज़रिए मछुवारों को गृह और बीमा प्रचालित है। मत्स्यन हारबर, मत्स्य अवतारण केन्द्र, शीत संग्रहण सुविधाएँ, बर्फ संयंत्र, समुद्री दीवार, रोड आदि का विकास तटीय क्षेत्रों पर किया गया और इन क्रियाकलापों के लिए अधिक निधियों का आबंटन किया गया। इसके अलावा प्रशिक्षण, विनिर्देशन और फिल्म शो आदि भी संचालित किया जाता है। मत्स्य सहकारिता समितियों के

केन्द्रीय मात्स्यिकी प्रौद्योगिकी संस्थान - कोची - 29

रूपायन द्वारा मत्स्यन क्राफ्ट, जाल और इंजन और मत्स्य विपणन के लिए मछुवारों का मदद करते हैं।

इन सभी प्रयत्नों के बावजूद भी प्रतिवर्ष औसतन मात्स्यिकी बढ़ती दर करीब 4.5% है। सभी स्तरों पर गणतंत्रात्मक पद्धति विकसित देश भारत की संपदा का उपयोग करना चाहिए। 2006-07 में मत्स्य उत्पादन 6.28 मिल्यम टन था जो 84 मिल्यण टन समुद्री एवं देशी क्षेत्र के क्रमानुसार 4.0 और 4.4 मिल्यन टन के तुल्य अंश की उत्पादन क्षमता के खिलाफ थे।

इस संदर्भ में छोटे पैमाने की मात्स्यिकी के प्रौद्योगिकी स्थानांतरण रिक्तता के शक्ति, दुर्बलता अवसर एवं धमकियों के उचित विश्लेषण करन उचित होगा। इस लक्ष्य की पूर्ति के लिए विषय विशेषजों की चर्चा के बाद इस अथ्यास को लिया गया है।

**स्वोट विश्लेषण शक्ति**

**क्षमतावान संपदाऍं**

हमारे देश को 8,118 की मी दैर्घिक का 2.02 मिल्यन स्क्वयर मीटर का एक्सक्लूसीव इकनोमिक जोण (ई ई इजड) है। इस क्षेत्र के महाद्वीपीय शेल्फ 5,00,000 स्क्वयर मीटर है। समुद्री क्षेत्र से उत्पादन क्षमता 4 मिल्यन टन है। देश में 14 मुख्य नदियों 44 माध्यमिक नदियॉं और असंख्य छोटी नदियॉं है। और इसके अलाव करीब 2,000 स्क्वयर की.मी का मरुस्थलीय झरनाऍं भी है। नदियॉं एवं नहरें संयुक्त रूप करीब 1,91,000 की मी की कुल दूरी है और विश्व के मत्स्य आनुवंशिक संपदाओं का संपन्न धरोहर है। क्षेत्र के तालाब और टंकियॉं 2.25 मिल्यन हेक्टर में है। देश को 19,730 जलाशय है और कुल क्षेत्र 3.15 मिल्यन हेक्टर है जलीय संवर्धन के लिए खारे पानी क्षेत्र की क्षमता 1.24 मिल्यन हेक्टर है।

**अवसंरचना**

वर्तमान काल में समुद्री मात्स्यिकी की अवसंरचना में 3,638 मत्स्यन गॉंव, 2,251 अवतारण केन्द्र, 6 मुख्य और 38 गौण मत्स्यन हारबर, 138 आधुनिक मत्स्य अवतारण केन्द्र, दो लाख गैर यंत्रीकृत मत्स्यन क्राफट, 55000 यंत्रीकृत नाव, 33000 मोटरीकृत क्राफ्ट, 180 बडे मत्स्यन यान, 370 हिमीकरण संयंत्र, 14 डिब्बाबन्दन संयंत्र 148 बर्फ निर्माण प्लांट, 15 मत्स्य खाद्य संयंत्र, 450 शीत संग्रह और 900 छिल्कायन शेड है। मत्स्यन क्राफ्ट व गिअर का मूल लगन तकरीबन 4,500 करोड है और अवतारण क्षेत्र पर मत्स्य का वार्षिक मूल्य 10,480 करोड है।

### प्रौद्योगिकियों की उपलब्धता

भा कृ अनु प के आठ अनुसंधान केन्द्र, कृषि व संबंद्ध विश्वविद्यालयों मात्स्यकी कोलेज और भारत के अन्य कई विश्वविद्यालय द्वारा वर्षों से मात्स्यकी अनुसंधान किया जाता है और विस्तृत अभिग्रहण के लिए वे कई सुधरे प्रौद्योगिकियों को विकसित किया गया।

### देशी आर्थिकता के लिए योगदान

यह क्षेत्र, देश की खाद्य टोकरी, प्रौष्टिक सुरक्षा सामाजिक लक्ष्य, दीर्घ कालिक प्रचुर विदेशी मुद्रा आमदनी (रोजगारी एवं आय का उत्पादन और इसके अलावा उद्योगों के लिए अनुदान का प्रबंध करता है। यह क्षमतावान ग्रामीण रोजगारी का भी प्रबंध करता है। देश के चौदह मिल्यन लोग मात्स्यकी और जलीय संवर्धन पर अपनी उपजीविका चलाती है। कुल 55 विविध समुद्री उत्पन्नों को पूर्वी एशिया, यूरोप और अमेरिका में निर्यात कर रहे है। वर्ष 2006-07 के दौरान निर्यात किए गए समुद्री उत्पन्नों का मूल्य 8,357 करोड थे। यह कुल जी डी पी के एक प्रतिशत है और 2005-06 में कृषि क्षेत्र के कुल जी डी पी का 5.3 प्रतिशत है।

### स्वोट विश्लेषण दुर्बलताऍं

### प्रौद्योगिकी उलझन

विकसित प्रौद्योगिकी में विभिन्न विशेषताएँ जैसे कि लाभकारिता, प्रारंभिक लागत, उलझन स्थानीय संगतता, प्रत्यक्ष या परोक्ष संघात, निवेशों की उपलब्धत और अभिग्रहण के अन्य संबद्ध प्रयोजन आदि हैं। प्रौद्योगिकी विकास और ऋण नीतियों का अंतरण में उपलब्ध जानकारी, स्वभाव, ग्राहक पद्धति के प्रयोग और संपदा आदि में प्रौद्योगिकी पूर्व परियोजना जाँच/ सर्वेक्षण में कमी दूसरा प्रतिबंध है।

### विकास पद्धति में दुर्बलता

मात्स्यकी विस्तार पद्धति जैसे कि अपर्याप्त निधिबद्धता, परिवहन सुविधाओं में कमी, दृश्य-द्रव्य माध्यम की कमी, सीमित समन्वयन और विस्तार आयोजनों में निम्न संयोजन और अपर्याप्त मानवशक्ति आदि मुख्य संघटनात्मक कमियाँ है।

### ग्राहक प्रणाली में दुर्बलता

ग्राहकों की सामाजिक, आर्थिक और प्रौद्योगिकी जारियों, विविधकर सामाजिक आर्थिक विशेषताएँ, ग्राहक प्रणाली में सूचनात्मक व जानकारी अवरोध, विस्तार कार्यक्रम एवं ग्राहक

प्रणाली कें कार्य घण्डे में बेमेलपन आदि प्रभावकारी प्रौद्योगिकी स्थानांतरण की मुख्य बाधाएँ हैं।

## स्वोट अविश्लेषण - सुअवसर

सामग्री से समेकित प्रणाली, एकल अनुशासन संबंधी कार्य से बहु अनुशासलिक वितरण चालित-माँग चालित, सामान्य से स्थानीय विनिर्दिष्ट आदि विस्तार प्रवेश में प्रतिमान बदलाव संभव होता है। सुअवसरों में क्षेत्रीय सूचना एवं संप्रेषण प्रौद्योगिकियों में (आई सी टी) का विकास निहित है जो सूचनात्मक एवं जानकारी अवरोधों को कमज़ोर करता है, निजी क्षेत्र और गैर सरकारी संघटनों को लिए प्रौद्योगिकी स्थानांतरण में भागीदारी, सहभागी प्रवेशों में बढ़ती मान्यताएँ, सी शक्तिकरण में समझदारी और स्वयं सहायक ग्रूपों की बढती आदि प्रौद्योरिकी स्थानांतरण के ग्रूप प्रवेशों को तेजी से बढाते है।

## मत्स्य के लिए सर्वदा-बढती माँग

1987-88 में मत्स्य खानेवाली जनसंख्या 27.7 जनसंख्या के अनुपात से आज 40 बढ़ती हुई है। इस प्रकार होने पर वर्ष 2020 के दौरान कुल मछली खानेवालों की संख्या 650 मिल्यन होगी जो 50% और मछली की कुल माँग उत्पादन से वर्तमान उत्पादन से 26 मिल्यन टन अधिक होगा।

## विभव को अब भी निकालना

एक आयोजित औद्योगिक स्तर पर बिखरी हुई देशी संपदाओं का शोषण करना है। आलंकारिक मात्स्यकी क्षेत्र में दोनों मीठेपानी एवं समुद्री पानी में प्रचुर क्षमता है जिसका वैज्ञानिक तौर पर शोषण करना है। भौमीकरण और व्यापार उदारीकरण के कारण इस क्षेत्र में कार्यरत व्यक्ति को अपूर्ण रोजगारी प्रदान जा सकता है। पैदावार एवं पश्च पैदावार क्षेत्र में अत्यधिक गुंजाइश है।

## स्वोट विश्लेषण-धमकियॉ

अचिरस्थायी बढती मात्स्यिकी क्षेत्र की अचिरस्थायी बढ़ती और पर्यावरणीय बिगाड मात्स्यकी संपदाओं और भविष्य विकास को धमकी दी जाती है। इन में अविवेचनात्मक ट्रालन, मत्स्यन में विविधता की कमी, तटीय जलों का संदूषण महा समुद्र स्वास्थ्य में बिगाड, किशोरों के बडे पैमाने

पर बिगाड, समुद्री जैव विविधता के नष्ट, संकटग्रस्त समुद्री जानवर व वनस्पति के उचित संरक्षण में कमी, संरक्षण और प्रबंध आदि हैं।

**आजिविका धमकियाँ**

मात्स्यकी उत्पन्नों के लिए आयोजित विपणन व्यवस्था की कमी मध्यवर्ति लोगों के शोषण निजी रूपये विक्रेताओं के जबरदस्त बिक्री का कारण बन जाता है। सीमित एकान्तर आजीविका विकल्प, अन्य आमदनी पैद करनेवाले क्रियाकलापों के संस्थान के वित्त की लागत में अभिगम की कमी और प्रौद्योगिकी आवश्यकताओं की महसूसहीन अवस्था आदि बाद के विकास के लिए होता है।

**संघटनात्मक धमकियाँ**

कार्य बहुलता निष्पादन ने विस्तार प्रणाली पर कार्य संघर्ष को पैदा किया। मात्स्यिकी विस्तार संगठनों के प्रशासनिक संकीर्णता और कल्याणकारी योजनाओं के निष्पादन में प्रबल हस्तक्षेप आदि भी मुख्य धमकियाँ हैं।

प्रणाली के सुधार के लिए मात्स्यिकी विस्तार में पर्याप्त वित्तिय आबंटन, कार्य और नियतकालिक संघटनात्मक मॉनिटरण क्रियाकलापों के ज़रिए मज़बूत करना है। एक प्रौद्योगिकी तब विजयप्रद कहा जाता है जब अधिकांश ग्राहक ग्रूप कोई अवशोधन के बिना उसका कार्यान्वयन करते हैं और परिणाम से तृप्त भी है विभिन्न विशेषताओं के कारण इस क्षेत्र में अवश्य ही सभी अनुसंधान नवाचारों का अभिग्रहण नहीं ले जा सकता।

इस प्रकार, देश के समग्र मात्स्यिकी विकास उन्नत लागत के साथ आयोजित केन्द्रीय व राज्य योजनाओं के साथ, राज्य विस्तार संघटनों एवं निजी क्षेत्रीय भागीदारी और प्रभावकारी प्रौद्योगिकी स्थानांतरण प्रक्रिया द्वारा ही संभव है। छोटे पैमाने की मात्स्यिकी में प्रौद्योगिकी अंतरण अन्तरालों को शक्ति प्रदान करके, दुर्बलताओं को और उपलब्ध अवसरों को कब्डा करके सभव्य धमकियों पर प्रतिक्रिया करके कम किया जा सकता है।

○○

# पेर्ल स्पोट, एन्डरोप्लस सुरेटेनसिस (ब्लोच, 1970) के लिए मत्स्यन तकनीक

एम.पी. रमेशन, वी.आर. मधु और पी. प्रवीन

पेल स्पोट एन्डरोप्लस सुरेटेनसिस, एक देशज मत्स्य जिसे भारत और श्रीलंका के मीठे जल व खारे जल में उपलब्ध है। उसे दक्षिण भारत के मीठेजल और खारे जलाशयों जैसे कि अप्रवाही जल, नदीमुख, तालाब, नदियॉ एवं जलाशयों में पाया जाता है। मुख्यतः वह केरल, कर्नाटका, आन्ध्र प्रदेश और उडीसा के चिल्का झील में पाया जाता है। मत्स्य जिसे स्थानीय रूप में यानी मध्य एवं दक्षिण केरल में करिमीन और उत्तर केरल में एरुमीन नाम पर ज्ञात है, दक्षिण भारत के रसोई का सुस्वाद भोज्य खासकर केरल का।

केरल राज्य के मत्स्य पेलस्पॉट देशी जलों में उपलब्ध है जिनमें 44 नदी प्रणालियों और केरल के अप्रवाही जल तालाब, नदी मुख, पोक्काली खेतों, जलीय संवर्धन तालाबों, कुछ जलाशयों और गीली भूमियों में भी उपलब्ध है। शहरीकरण के कारण खारा पानी जल क्षेत्र के कई भाग पुनर्निमित होने के कारण मत्स्य आवासीय हानि का सामना कर रहे है।

## प्रग्रहण मात्स्यिकी

नदीमुखों व अप्रवाही जलों में मत्स्य खेती मुख्य क्रियाकलाप है। मत्स्यन मार्ग सार्वजनिक होने के कारण कई लोग इसमें व्यस्त है जिनमें अधिकांश लोग मछुवारे हैं। मत्स्य के करीब 70 जातियाँ, परुषकवची और द्विकपाटी वाणीज्यिक मात्स्यकी का प्रतिनिधान करते हैं। संजीव घोष (1987) ने रिपोर्ट किया कि केरल के अप्रवाही जल के कुल वार्षिक उत्पादन वज़न के औसतन 25 प्रतिशत एन्टोप्लस सुरेटेनसिस है दूसरा है (झींगे जो कुलपकड के आधे आते हैं।

इन संपदाओं के पैदावार के लिए विभिन्न पारंपरिक मत्स्यन गिअरों व तरीकों को अपनाया गया है। आयोजित अवतारण व विपणन कार्यक्रम न होने के कारण जातियों के आधार पर के ऑकडे उपलब्ध भी नहीं और विश्वसमीय भी। पर्यावरण या बीमारी समस्याओं से संबंधी संरक्षण मापनों की कमी के कारण संपदाएँ अवक्षयित स्थिति पर है।

---

के मा प्रौ सं, कोचीन - 29

## मत्स्यन गिअरें व तरीकों

नदीमुख और जलाशय प्रणाली से संबंधित विभिन्न मत्स्यन गिअरें व तरीकें नियोजित और अधिकांश सभी गिआरों में पेर्ल स्पॉट को पकडा जा सकता है।

पेलस्पॉट को पकडने के लिए प्रयुक्त सामान्य मत्स्यन गिआर सरल क्लोम जाल है। उसे पिंजरें हूक व लाइन, क्षिप्त जालो, स्केट लाइन और लपेटने वाले गिअरों के द्वारा भी पकडता है। विभिन्न जगहों में पेल स्पॉट को पकडने के लिए विविध देशी तक्नीकों को प्रयुक्त करता है। और ऐसे सभी मत्स्यन प्रणीलियों की सूचना नीचे दी गयी।

## क्लोम जाल

वे शीर्ष रस्सी और ऊपरी अग्र में प्लवकों और पाद रस्सी से युक्त और रहित और निम्न भाग में निमज्जकों से युक्त आयताकार दीवारों से युक्त नेवार है। वर्तमान क्लोम जालों का निर्माण अधिकाशत: पॉलीएमाइड (पी.5) मॉनो फिलेमेन्ट से निर्मित है क्योंकि वह अन्य जलीय सामग्रियों की तुलना में अधिक प्रभावकारी है। पेल स्पाट के संपाश जाल आकार 50 एम एम से 90 एम एम बढ़ाया जा सकता है। पेल स्पॉट क्लोम जाल अकसर प्लवक और निमज्जकों से युक्त शीर्ष रस्सी और पाद रस्सी से युक्त है। शेटी (1968) कुरुप्प और सामुवल(1985) कुरुप्प एट एल (1993) पॉली (1991) और रमेशन (2009) केरल के विभिन्न भागों से पेल स्पोर्ट क्लोम जालों के बारे में रिपोर्ट की गयी है।



वेम्बनाड झील से पेर्ल स्पॉट के लिए क्लोम जाल (स्त्रोत पॉली 1991)

साफ जलों में पेल स्पॉट बहुधा दरारों और चट्टानों से बनाए गए जलमग्न दीवारों में दिखाई पडता है। पॉली (1991) ने उल्लिखित किया कि क्लोम जालों की प्रचालन तत्व पेल स्पॉट के व्यवहार के अनुसार चट्टानों या दरारों से युक्त जलमग्न अन्यवाधाओं के अनुसार प्रयुक्त है। मछुवारे अकसर जाल को ऐसे दीवारों या जलमग्न चट्टानों या पेडों के शिखरों से निम्न ज्वार भाटा के दौरान उस खास क्षेत्र को घेरा डालते है। मत्स्य को पृष्ठीय फिन के साथ दीर्घ और शार्प फिन रे होने के कारण क्लोम करने के अलावा फँसाया जाता है और संपाश आकार रेंज के जाल अंन्य मछलियों के साथ संपाशा आकार रेंज भी प्रभाव काटी ढंग से प्रयुक्त किया जा सकता है।

## पिंजरे

नदियाँ, खारे पानी और जलाशयों में प्रचालन के लिए विभिन्न प्रकार के पारंपरिक फंदों का प्रचालन होता है और इनमें कुछेक पेल स्पॉट को लक्षित करके है। पेल स्पॉट के लिए मुख्य पिंजरें उत्तरी केरल में प्रयुक्त स्थानीय रूप में कूडे (रमेशन 2009) से ज्ञात वक्स पिजरें है। बॉस या सुपारी के पेड को औसतन 1.4 X 0.6 X 0.6 एम आयतन में चीरकर बनाता है। 1.4 एम दर्घ से युक्त धारियों को प्रयुक्त करके आयतीय आकार के निचले भाग की संरचना की है। धारियों को 3-4 एम एम डया रेशे डोरियों को प्रयुक्त करके बाँधता है।

मनसून मौसम को छोडकर वर्ष पर पिंजरों का प्रचालन करता है। पिंजरे में चारा का उपयोग अपवाही को रोकने के लिए नहीं करता है और भारी पत्थरों का उपयोग करता है। इस बक्स पिंजरों में *एटरोप्लस सुरेटेनसिस, लटजानस अरजन्टिमाकुलेटस और सियल्ला सेरेटा* आदि जातियों को पकडते है। बक्स पिंजरे उच्च तट रूप में कारिगरिक मत्स्यन गिअर है जिसका प्रचार दूसरे जलों में भी हो सकता है।





## हुक व लाइन मत्स्यन

सभी जलों में हान्ड लाइन विशेषकर नदियों व अप्रवाही जलों में पेलर्स स्पॉट के लिए प्रचालित किया जाता है। 0.3-1 एम एम डया के पी ए मॉनो फिलेमेन्ट और राउन्ड बारब्ड, किरबी मुडाव या No. 20-6 आकार रेंज के लिमरिक हुकों को प्रयुक्त करता है। बरगद पेड के पके फूल/मैदा या गोहूँ बॉल या केंचुआ आदि आम तौर पर प्रयुक्त चारे हैं। मैदा को जल के साथ मिश्रित करके क्वथित करने के बाद छोटे बॉलो के रूप में तैयार करता है। यह पेल स्पॉट, मुल्लट, लट जानिडें और सिलवर बिडियों को पकडने के लिए प्रयुक्त करता है। कृप्पम नदि के मछुवारे मैदा के साथ कुछ हल्दी पाउडर मिश्रित करने दोशा बनाते है और पेल स्पॉट को पकडने के लिए चारे के रूप में यह प्रयुक्त करता है।

हुक व लाइन सभी जल निकायों में प्रयुक्त अनुयोज्य वरणात्मक मत्स्यन तरीका है। आजकल मत्स्य फेड घरेलू पर्यटन के रूप में उनके तालाबों में पेल स्पॉट को पकडने के लिए मत्स्यन तकनीकों का बढावा करता है।

## जेबी व डोरी रहित कास्ट जाल

उत्तरी केरला में पेल स्पॉट के लिए एक मनोरंजन रूप में क्षिप्त जाल का प्रयोग करता है। इस जाल को डोरियॉ नहीं है। सतही पॉकट और खिचाव रस्सी है और वलपट्टनम नदी में और चारों ओर एरणाकुलम से प्रवास करता है। मछुवारे प्रचालित करते हैं। जाल का प्रचालन वर्ष भर अकसर रात को आविल जलों में दिन में भी जैसे कि चट्टानें और पेडों के शिखरों जैसे अधोजलीय बाधाओं के जगह पर करता है। जाल को मुडाव किया जाता है और अन्य प्रकार के क्षिप्त जालों के समान क्षिप्त जालों करता है। एक बार मुडाव करने पर वह जल में अप्रत्यक्ष हो जाता है और खिंचाव रस्सी नहीं जोड जाता है। मछुवारे जल पर डुमकी करके जाल के सतही भाग को जाल से मत्स्य भागने को रोकने के लिए यथोचित रूप में फैलाते है। यदि अधिक गहराई तो वह मत्स्य को हस्थ या पैर से जाँच करता है और मत्स्य को पकडने के लिए नियतकल्कि हुबकी करता है। उसके बाद जाल को ध्यान से बाधाओं से दूर करके दूसरे स्थान में वहीं प्रक्रिया पुनःकरती है। पकड के मुख्य भाग पेल स्पॉट होता है।

स्केर लाइन मध्यम ताजे नारियल पत्तों या सफेद पॉलीथीन रिबन को 100 से 150 एम दीर्घ 8 से 10 एम एम डया की कयर रस्सी में सम्मिलित करके स्केर लाइन बनाता है। वह एक मीडियन लूप और 'V' आकार के दो दीर्घ भुजाओं से युक्त है। इस प्रकार का मत्स्यन कोषिक्कोड



बिना खिंचाव रस्सी डोरियाँ और परिधीय जेबियों से युक्त क्षिप्त जाल

के कुट्टियाडी, कोटाप्पुष और चालियार नदियों और काज़रक्कोड के जिला के कब्वायी और करियगोड नदियों में है।

करिंगोड नदी में 3 से 4 मछुवारे इसे डोंगी को प्रयुक्त करके निम्न ज्वार भाटा में प्रचालित करते है। वे तट के समानांतर उनके पैरों से 1.5 से 2 मीटर गहराई पर एक ढीर्घ बिल। बिल भूमि और गहराई के अनुसार 0.5 से की मी रेंज पर होता है। बिल की सूचना के लिए करीब 3 मी आकार के दो काष्ठ दण्डों को प्रारंभ व अंत में स्थापित करता है।

मत्स्यन प्रातः काल में ही आरंभ होकर मध्यान्ह तक रहता है। दो आदमी बिल के दो भागों में खडे होकर स्केर लाइन के अग्र भाग को पकडने और करीब 5-6 मी अलग चलना शुरू करते हैं। ज्यादा गहराई है तो मछुवार काष्ठ या रस्सी दण्डों की सहारे गहराई पर जाता है। तीसरा आदमी जो मध्य भाग में खडे रहता है उनके पैर रस्सी के मीडियन लूप में डालकर उनके घुटनों को चलाता है। वह हमेशा अन्य दोनों के पीछे ही चलता है क्योंकि लाइन 'V' आकार लेता है।




केरल के करियनगोड नदी में वेरपे मत्स्यन

(चित्र 3) वैकल्पिक रूप से एक 'V' आकार पाने के लिए रस्सी के मध्य भाग में एक पत्थर भी संलग्न किया जाता है। प्रवाह के खिलाफ चलनेवाली मछलियों को फँसाने के लिए प्रवाह की दिशा में स्केर लाइन खींचता है। ठोकर मारने वाले मानव और कंपायमान रस्सी से भयभीत मछलियॉं अग्र भाग में आकर भरा हो जाता है या अकसर बिल में अभय लेती है। नियमित अंतरालो में





केरल के कववायी नदी में स्केर लाइन मत्स्यन

मध्यभाग के आदमी 'V' आकार के समीप संग्रहित होता है और मछलियों को पकडता है। स्केर लाइन जो वेरपे मत्स्यन से मशूर है, थिप्त जाल के साथ प्रचालित करता है (चित्र 4)

लाइन मत्स्यन

## क्रोस बो

शात व स्वच्छ झरनें व अप्रवाही यह एक जल में मत्स्यन के लिए प्रयुक्त दुर्लभ मत्स्यन तरीका है। एरणाकुलम जिला से प्रवासी मछुवा द्वारा वलपट्ट्टणम में क्रॉस वॉ या तेटटाली प्रचालित है। यह धनु 3 हल्के सुपारी पेड धारियों से जिसका भिन्न देर्घ और क्रोस अनुभाग में आयताकार और जिसका निर्माण एक परिवहन स्प्रिंग की पत्तियों जैसी है। पत्तियों को कयर धागा से सुरक्षित रखा गया है। स्टॉक के दूरस्थ भाग में एक आयतकार रंध्र बनाया गया और इसके द्वारा धनु भाग आधे रास्ता जाता है, को महीन काष्ठ घारियों से बंद किया जाता है। जीर्ण-शीर्ण को कम करने के लिए ट्रिगर और बील नट भैंस सींग से बनाया गया है। करीब 150 सी एम दैर्घ के बो स्ट्रिंग और उसे 4 एम एम नया पॉली प्रोपिलिन रस्सी से बनाया है। 90 सी एम दैर्घ कंटकीय बो 4 एम एम डया एस एस दण्ड से बनाया है। वह तट के पास एक डोंगी से दो आदमियों से युक्त, रात में पेर्ल स्पॉट को पकडने के लिए प्रचालित है आदमी जो डोंगियों के बो



वलपट्ट्टणम नदी में क्रोस बो

भाग में है। मत्स्य के तलाश में है। दूसरा आदमी कुछ गडबडी किए बिना डोंगियों को क्षेपणी करता है। रात पर प्रकाश की ओर आकर्षित मत्स्य को डोंगियों से मारकर मत्स्य को वापस पाने के लिए खींचता है।

## पाडल (FAD)

यह छोटे पेड शिखरों को उथले पानी में पौधारोपित करके कृत्रिम मत्स्य उसके अंतर

परिरक्षित मछलियों को पकडने की तरीका हैं। इस प्रकार का मत्स्यन का विस्तृत प्रचार सभी अप्रवाही जलों में होता है। जहाँ जलमग्न कस्तुओं के चारों ओर मछली जमाद करते हैं। पाकों ने मछली को लगभग एक महीने तक संग्रहित करने के लिए अनुमत करता है और बाद में इस प्रकार के मत्स्य संग्रह उपकरण के (एफ ए डी) बगल को छोटे संपाश जालों से संलग्न किया जाता है। फँसायी गयी मछलियों में अधिकाशतः पेल स्पोट होता है जिसे अक्सर दर्वी जाल या क्षिप्त जाल से पकडा जाता है।



चित्र - 6. कुप्पम नदी के पोषक नदी पर FAD

एफ ए डी के अंतर काफी बडी किशोर मछलियॉ भी संग्रहित हो जाता है जो मत्स्यन गिअर की अतिसंवेदनशीलता से संभव है। थॉमस व कुरुप्प (2004) रिपोर्ट किया गया है कि इस नदीमुख की मात्स्यकी संपदाओं के लिए पाडल मुख्य धमकी हो गया है इसलिए आक्षित मछुवारों के लिए एकान्तर उपजीविका का प्रबंध करना आवश्यक है।

OO

# पन्गेशियनोडोन हैइपोपथालमस के लिए संसाधन विकल्प

**जोर्ज नैनान, जैनुद्दीन, ए.ए. विजि पी.वी. मधुसूदन राव, रविशंकर सी.एन.**

पन्गेसियस या इन्डीसन्ट शार्क के नाम पर ज्ञात प.है का विस्तृत संवर्धन भारत के देशी मत्स्य संवर्धन क्षेत्र पर खासकर अरुणाचल प्रदेश राज्य पर है और मूल्य जोड के लिए एक नए अवसर प्रदान करता है। 'बसा' नाम पर मशहूर हिमीकृत कैट मत्स्य फिलेटें वियटनाम से यू एस और यूरोप के मात्स्यिकी उत्पन्नों के निर्यात का मुख्य सहारा है। वर्तमान काल में 19 से अधिक पन्गेसियस संसाधन और निर्यात कपनियाँ है और वियटनाम के मेकान्ग डेल्टा में मात्स्यिकी क्रियाकलापों में कार्यरत है। इसका प्रारंभ भारत में 1995 को है और तकरीबन 4 मिल्यम लोग कार्यरत है। वर्ष 2000 के दौरान जातियों का प्रारंभ आन्ध्रा प्रदेश में हुआ और आजकल तकरीबन 32,000 हेक्टर के अधीन पन्गेसियस संवर्धन कृष्णा, पश्चिम गोदावरी, पूर्वी गोदावरी, गुन्टूर और निल्लूर आदि मुख्य जिलों में होता है। पन्गेसियस को श्रेष्ठवान बढ़ती दर (90 दिनों पर अधिकांश एक की ग्रा) जो उसे संवर्धन के लिए वरीयता प्राप्त बनाया है। आन्ध्रा प्रदेश में पन्गेसियस का वार्षिक उत्पादन की बढती होकर 2010 में 5,40,000 टन पहुँच गए।



पन्गेसियस के मूल्य जोड के विकास के लिए केन्द्रीय मात्स्यकी प्रौद्योगिकी संस्थान (भा कृ अनु प) ने इस जातियों की पश्च पैदावार पहलुओं पर जिनमें मूल्य जोड के लिए इन जातियों के एमिनबिलिटी निम्न तापमान अध्ययन और उत्पन्न विकास अध्ययन इन जातियों के प्रभावकारी प्रयोग के लिए छोटे पैमानों के संसाधन यूनिट के नेटवर्क विकास के लिए आधार बनाएगा। पन्गेसियस के मांस की उन्नत पौष्टिक गुणवताएँ और श्रेष्ठ संवेदी गुणताएँ है। अंतमांस पेशीय पिन हड्‌डी की उपस्थिति के कारण इस मत्स्य का फिलेटीकरण सुकर किया जा सकता है निम्न पोसिटीव संवेदी गुणताओं के कारण पन्गेसियस फिलेट निस्तृत रेंज के उत्पन्नों का चयन बन गया हैं।

- मृदु मांस
- मीठे स्वाद
- पंक गन्ध से मुक्त
- उत्कृष्ट सुवास
- सख्य गठन
- पिन हड्डियों की अनुपस्थिति

**अनुमानित संरचना**

मत्स्य को अवत्वक वसा जमा से युक्त एक माध्यमिक वसा मत्स्य मानता हैं। कुछ फिलेंटे पीले रंग के होते है जो गुणवत्ता समस्या से संबंधित है। फिलेटों की गुणवत्ता परिवर्तन जिसे रंग के (सफेद या पीले, रंग सफेद होने पर गुणपत्ता में श्रेष्ठता होगी) अनुसार श्रेणीकृत है जो विभिन्न खेती अवस्थाओं जैसे कि खाद्य जल गुणवत्ता (सोरसेन 2005) के कारण है।

पन्गेसियस मांस का संरचना (%)

| | |
|---|---|
| आर्द्रता | 78% |
| प्रोटीन | 18% |
| वसा | 2% |
| क्षार | 2% |

**पश्च पैदावार हस्तन**

पग्नेसियस की शेल्फ जीविका संरक्षण और हस्तन प्रयोगों पर प्रभावित है। हस्तन के दौरान

मछली के सतह पर काट या खरोंच न आने के लिए ध्यान देना चाहिए। जीवाण्वीय बिगाड को कम करने के लिए मत्स्य की धुलाई करना और पैदावार के तुरंत बाद बर्फ़ डालकर रखना है। बड़े आकार के नमूने (5 की ग्रा से ऊपर) के मांस में अवत्वक वसा और उन्नत कैलोजन से युक्त है। उत्पन्न विकास के लिए माध्यमिक आकार के नमूने (2 की ग्रा) उचित दिखाई पडा। क्षेष्ठ संरक्षण के लिए मत्स्य के आँतों को निकाल कर, क्लोम को दूर करके अच्छी तरह धुलाई करके बर्फ़ में संवेष्ठित करना चाहिए। पन्गेसियस की विभिन्न संसाधन अवस्थाएँ निम्न के अनुसार है।

आँतें निकाले व क्लोम निकाले गए पन्गेसिनोडेन हैपाथालमस की तैयारी के विभिन्न अवस्थाएँ



पी. हैपाथालमिकस के संसाधन की विभिन्न अवस्थाएँ

| संसाधन अवस्था | उत्पन्न |
|---|---|
| आँतें निकालना | 76% |
| स्टीके | 31% |
| फिलेटीकरण (त्वचा सहित) | 28-32 % |
| कीमा | 22% |

**पन्गेसियस से मूल्य जोड उत्पन्न आँते निकाले मत्स्य**

आँते निकालने और क्लोम दूरीकरण करने पर मत्स्य की शेल्फ जीविका बढाया जा सकता है। हस्तन के दौरान मत्स्य के सतह पर काट या खरोंच न आने के लिए ध्यान देना । सिफ्ट में संचालित अध्ययनों ने दिखाया कि क्लोम दूरीकृत मत्स्य स्वीकृत अवस्था में 24 दिनों तक बर्फ़

में रहेंगे। संवेदी मूल्यांकन ने साबित किया कि वही अवस्था में संग्रहित पूर्ण मत्स्य की तुलना में क्लोम दूरीकृत मत्स्य उन्नत गुणवत्ता को बनाए रखता है।



## स्टीके व फिलेंटे

पकाने के लिए तैयार मत्स्य का सबसे सामान्य उत्पन्न रूप है स्टीकें व फिलेंटे। पूरे मत्स्य का क्लोम निकालकर 1-2 से मी मोटाई में टुकडों के रूप में काटा जा सकता है। पूरे मत्स्य से त्वचा से युक्त या त्वचाहिन फिलेटों को तैयार किया जाता है। सिफ्ट में संचालित परीक्षणों ने दिखाया कि पन्गेसियस टुकडों को शीत अवस्था पर 14-17 दिनों तक की शेल्फ जीविका होती है। पन्गेसियस फिलेटों को शीत अवस्था में नौ दिनों तक संग्रहित रखा जा सकता है और बाद में 1% सोडियम क्लोराइड और 2% सोडियम ट्राईपॉली फासफेट से युक्त ठंडे पानी में सोखाने से फिलेटों के गठन में सुधार हो सकता है। (213 एट ऑल 2011)





## धूमित भाग

फिलेट किए गए संपूर्ण मत्स्य का टुकडे के रूप में काटता है जिसे 10% लवण जल और बाद में 2% w/w हल्दी में विवर्णित करता है। उसके बाद उसे 60°C में दो घण्डों तक ताप में सुखाता है। हिमशीतित संग्रहण अध्ययन दिखाया है कि उत्पन्न को 4 हफ्ते की शेल्फ जीविका थी।



## फिश फिंगरें



पन्गेसियस के त्वचाहिन फिलेटों/मांस भागों से फिश फिंगरों की तैयारी की जाती है। मांस को 8 x2 x3/ 4 सी एम में काटकर 2% नमक के शीत घोल में 10 मिनटों तक सोखकर सुखाकर बैटर व ब्रेड टुकडों से लेपित किया जाता है। लेपित फिंगरों को 30 सेंकेन्ड क्षण तलन करके हिमीकृत अवस्था में संग्रहित किया जाता है।

## मत्स्य बॉल



पन्गेसियम की मत्स्य कीमा से बैठर व ब्रेड किए गए मत्स्य बॉलों की तैयारी की जाती है। मत्स्य कीमा को नमक, मकई, स्टार्च और सुगंध ट्राव्यों से अच्छी तरह मिश्रित करता है। बाद में उसे 2-3 सी एम डयामीटर का बॉल बनाकर 5-10 मिनटों तक उबाले जल में पकाया जाता है। पकाए बॉल ठंडा होने पर उसे बैटर करके ब्रेड किया जाता है। गरम तेल में क्षण भुनन के बाद बॉलों को शीत संग्रहित करता है। जैव रासायनिक और संवेदी मूल्यांकन दिखाया है कि 4° से निम्न शीत में संग्रहित करने पर मत्स्य बॉल 15 दिनों तक स्वीकृत अवस्था में रह गया है।

## नगटें

नगट, ब्रेड व बैटर किए गए उत्पन्न का दूसरा रूप है फिश फिलेटों से इसकी तैयारी हो जाती है। मत्स्य फिलेटों की धुलाई करके 2-3 सी एम आकार के स्कवयर टुकडों के रूप में काटा जाता है। उसे फिर 10 मिनटों तक 1% नमक घोल में निमग्न किया जाता है। टुकडों को बाद में सुखाकर, बैटर व ब्रेड करके 30 सेकन्डों तक क्षण भुनन किया जाता है। भुने नगटों को शीत कोष्ठ में संग्रहित किया जाता है। उत्पन्न को शीत संग्रहण में 11 दिनों की शेल्फ जीविका थी।

## मत्स्य अचार

मत्स्य मांस को छोटे टुकडों पर काटकर 3% नमक से मिश्रित करके दो घण्डों तक सौर्य शुष्कन किया जाता है। अर्ध शुष्कित मांस टुकडों को तिल के तेल में डुबाकर भुनकर अन्य संघटकों के साथ तलन किया जाता है। शीतन के बाद पर्याप्त मात्रा में सिरका जोडा जाता है। नमक जोडकर संघटकों के उचित मिश्रण करके और PH का समायोजन करके कम से कम दो दिनों तक सुरक्षित रखा जाता है। अचार को वायुरहित पात्रों में/ स्टान्ड इन पाउचों में उपभोक्ता उपयोग के लिए संवेष्ठित किया जाता है।

उपयुक्त उत्पन्नों के अलावा इन जातियों से अन्य मूल्य जोड उत्पन्नों की तैयारी की जा सकती है यानी खाने के लिए तैयार उत्पन्न जैसे कि भभका कोंष्ठों में मत्स्य कढ़ी, डिब्बाबन्दित उत्पन्न ट्रे सेवेष्ठों में हिमीकृत कढी आदि। कटलेट, वेफरें आदि उत्पन्नों के लिए पकाने के बाद फिलेटीकरण फ्रेमों में जुडे हुए मांस का पृथकीकरण किया जाता है।

सुरुमी तैयारी के लिए पन्गेसियस कीमा प्रयुक्त किया जाता है। अध्ययनों ने साबित किया कि एकल धुलाई को माध्यमिक जेल शक्ति और अच्छे रंग है। मत्स्य के फ्रेम मांस से उत्पन्न प्रोटीन हाइड्रोलाइसेट को श्रेष्ठ कार्यात्मक और प्रति ऑक्सिकारक गुणताएँ है (तमूणा तट आल 2011)









पन्गेसियस के फिलेटिग से उपोत्पाद जिसमें सिर, हड्डी त्वचा, स्क्राप मांस और आँत आदि शामिल है और कुल कच्चे संपूर्ण मत्स्य के 60-65% होता है। वियटनाम जो पन्गेसियस के प्रमुख उत्पादक है, अंतिम प्रक्रिया द्वारा अग्रिम उपकरणों की प्रयुक्ति करके पन्गेसियस उपेत्पाद उसके बाद उसे वाणीज्यिक पशु आहार निर्माण के लिए पशु आहार कारखानों को बिकता है। कई वाणीज्यिक संसाधन कंपनियाँ पन्गेसियस उपोत्पाद आहार का उत्पादित करता है।

फिलेट नियति कारखानों से पशुधन और जलीय संवर्धन के लिए सुखे और नमी आहारों को बनाने के उद्देश्य में कुछ लघु पैमाने के पशु आहार कारखाने उपोत्पादों को संचयित करते हैं। संसाधन के बाद तिरस्कृत संसाधन रद्दी जल को उबालने की प्रक्रिया के बाद कसावा मूल आहार के साथ जोड करके गीले आहार के रूप में बिकता है। इसका शीघ्र ही जलकृषि उपयोग जलकृषि और अन्य मीठे पानी जल जातियों के लिए आहार के रूप में किया जाता है। (थुई 2010) थुआन (2010) ने रिपोर्ट किया कि पन्गेसियस उपोत्पन्नों से आहार सुअरों की बढती के लिए भी प्रयुक्त किया जाता है।

जातियों की पूरे उपयोग के लिए संसाधन के दौरान छोडे गए त्वचा एयर ब्लाडर, हड्डियॉ फिन व ऑते जैसे उपोत्पादों व रद्दियों का उपयोग करना आवश्यक है। रद्दी सैलेज, आहार आदि के उत्पादन प्रौद्योगिकियाँ सिफ्ट में उपलब्ध है।

मूल्य जोड जेलिए मीठे जल मत्स्य जातियों के बीच पन्गेसियस को उच्च क्षमता है। फिर भी पन्गेसियस उत्पन्नों के मूल्य जोड और विजय प्रद विपणन उपभोक्ता स्वीकृति, संसाधन अवसंरचना और वितरण के लिए कोल्ड चेन सुविधाओं पर आप्रित है।

○○

# मछुवा महिला के लिए वैकल्पिक जीविका विकल्प

**निकिता गोपाल, के.बी. बीजी एवं सी.एन. रविशंकर**

## परिचय

महिला अतिप्राचीन काल से कृषि एवं संबंधित कार्यकलापों में केन्द्रीय भूमिका निभा रही है। खाद्य उत्पादन, संसाधन, स्थानीय जनन द्रव्य का परिरक्षण और सामान्यतः अपने परिवारों की खाद्य एवं आहार आवश्यकता और जीविका में उनकी भूमिका को प्रमाणित एवं मान्यता दी गई है। इस के साथ ही महिला मात्स्यिकी में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। जबकि मत्स्यन बड़े पैमाने में पुरुष प्रदान है। पश्च प्रग्रहण कार्यकलापों में महिलाओं के विशेष सहयोग को देखा गया है। ज्यादातर मत्स्यन समुदायों में अवतरण केन्द्रों में मत्स्य अवतरण के बाद, मछुवामहिलाएं भिन्न कार्यकलाप जैसे छँटाई, भण्डारण, विपणन, अतिशिकार आदि का संसाधन को अपने हाथ में लेती है। कुछ देशों में महिलाएं भी प्रग्रहण में सक्रिया है सामान्यतः देशीया जालों से उथल जल में हाथ से चुनाना या मत्स्यन करना। भारत में हम देख सकते है महिलाएं द्वारा झींगा फ्राई एवं कवच मत्स्य का एकत्रण करना। भारत में यंत्रीकृत एवं मोटरीकृत मत्स्यन में महिलाओं का शामिल होना नगण्य है। मुख्यतः वे छोटे पैमाने पर मत्स्यन जैसे मोलस्क का एकत्रण जैसे तटीय क्षेत्र में खंड एवं क्रस्टोशियन्स। भारत के उत्तर पूर्वी राज्यों में, महिला नदी, झील, जलाशय और नलों आदि से छोटे डोंगियों की प्रयुक्ति से मत्स्यों के शिकार में शामिल है। वे मत्स्यन के समय डोंगियों के चालन में भी पुरुष की सहायता करती है। मछुवामहिला चर्मावृत नौका में मत्स्यन में सहायता करती। जलकृषि में महिला की भूमिका सुप्रसिद्ध है। कुछ देशों में छोटे पैमाने के मत्स्यन जहाजों का परिचालन महिलाओं द्वारा किया जाता हैं। एफ ए ओ (2010) आकलन किया कि मत्स्यन से संबंधित कार्यकलापों में पुरुष से ज्यादा महिलाएं शामिल है।

भारत में, मात्स्यिकी क्षेत्र को अधिक महत्व इस तथ्य से दिया जाता है कि मत्स्य एवं मत्स्यन उत्पाद निर्यात अर्जन के मुख्य सहायक है और यह जनसंख्या के आहार का एक मुख्य

---

केन्द्रीय मात्स्यिकी प्रौद्योगिकी संस्थान, कोचीन - 29

हिस्सा बन रहा है। यह मत्स्यन परिवार को प्रोटीन का महत्वपूर्ण स्त्रोत भी है। यह मछुवारों के लिए रोजगार एवं आय का संभवित स्त्रोत भी है। भारत में मछुवा महिला मत्स्यन परिचालन में सक्रिय रूप में शामिल नहीं है लेकिन उनका योगदान पूर्व एवं पश्च प्रग्रहण परिचालन में सुस्पष्ट रूप से महत्वपूर्ण है। वे पूर्व-प्रग्रहण परिचालन में करीब 25 निर्यात बाजार में 60% और घरेलू विपणन में 40% का योगदान देते हैं। 1.2 मिलियन कार्यदल में करीब 0.5 मिलियन महिला समुद्री मात्स्यिकी के पूर्व एवं पश्च प्रग्रहण में नियोजित है (देहदराय, 2005)।

जबकि यह सेक्टर परम्परागत लघु उद्योग से मोटरीकृत में परिवर्तन होने के कारण, इस सेक्टर में महिलाएं अपने परम्परागत रोजगार के कुछ अवसरों को खो रहे है। अवतरण बंदरगाह एवं अवतरण केन्द्रों में केन्द्रीकृत हुए है और यह मत्स्यन गाँवों से दूर में होने के कारण, मछुवामहिला की पहुँच से दूर होते है। इस के अलावा महिलाएं अन्य संसाधनों तक पहुँच जैसे पूँजी, अपने खुद में उद्यम की पहल और अपने रोजगार अवसरों को विविधता दृष्टिकोण से भी प्रतिकूल परिस्थिति को रखती है। डी, एफ आर पी-पी एच एफ पी, 1998)। घरेलू बाजार में उनकी प्रधानता जारी है लेकिन यह परिचालन का स्तर छोटा होने के कारण प्रमुख सौदे ज्यादातर पुरुषों द्वारा संचालित किए जाते हैं।

अतः सकारात्मक रूप में अपने परिवार एवं समुदाय के लिए उनके योगदान हेतु मछुवामहिलाओं के लिए वैकल्पिक जीविका विकल्प की ओर ध्यान देने की आवश्यकता है। यह प्रपत्र इस क्षेत्र के भीतर मछुवामहिला को प्राप्त कुछ विकल्पों की चर्चा करता है।

परम्परागत संबद्ध कार्यकलाप-जाल निर्माण/मरम्मतः यान अनुरक्षण

जाल निर्माण के लिए सांश्लेषिक रस्सी एवं जाल निर्माण का यंत्रीकरण के आगमान से पहले परम्परागत रूप में महिला जाल निर्माण एवं मरम्मत में सक्रिय भूमिका निभाई। महिला आज भी जाल मरम्मत या निर्माण प्रक्रिया में व्यक्तिगत या समूहों में भाग ले सकती है। निश्चित प्रकार के जाल जैसे फंदे एवं छोटे क्लोम जालों की तैयारी महिलाओं द्वारा आसानी से की जाती है। महिला मत्स्यन के लिए प्रयुक्त यान एवं गिआर दोनों के परीक्षण एवं मम्मत में भी भाग ले सकती है।

मत्स्य संसाधन एवं मूल्यवर्धन

मछुवामहिला पश्च प्रग्रहण प्रक्रियॉ जैसे छँटना, बर्फ़न, मत्स्यों का श्रेणीकरण में सक्रिया रूप में शामिल है। महिला समुद्री खाद्य संयंत्र के निचले स्तर में संपूर्ण कार्यदल निर्माण से निर्यात

उन्मुक्त समुद्री खाद्य संसाधन में भी महिला प्रबल है।

समुदाय स्तर संसाधन जो मछुवामहिला कर रही है यह कई ज्यादातर पश्तों द्वारा सौंपी परम्परागत ज्ञान आधारित है। प्रचुर मत्स्य को सूर्य में शुष्कित या बाद में विपणन के लिए अभिसाधित की जाती है। संसाधन के क्षेत्र में प्रौद्योगिकियाँ उन्नत हुई है और मछुवामहिला के रोजगार एवं आय प्रजनन के लिए उपयुक्त का हस्तांतरण किया जाना चाहिए। मछुवा महिला को वैज्ञानिक संसाधन, गुणता नियंत्रण और मत्स्य से मूल्यवर्धित उत्पादों का उत्पादन के लिए प्रशिक्षित किया जा सकता है। यह प्रौद्योगिकीयों सामान्य मत्स्य अचार, मत्स्य कटलेट, मत्स्य फिंगर, मत्स्य बॉल, मत्स्य बर्गर, मत्स्य वेफ़र, मत्स्य चाटनी चूर्ण, सूप पाउडर और शुष्कित मत्स्यन उत्पाद की तैयारी और अधिक सुविज्ञ जैसे पाकने के लिए तैयार एवं खाने के लिए तैयार का उत्पादन हो सकते हैं कुछ रद्दी मत्स्य एवं झींगा ट्राल उपपकड़ जातियों स्थानीय बाजार में अच्छे कीमत को प्राप्त नहीं करते और इन्हें कीमा एवं अन्य कीमा आधारित मूल्यवर्धित उत्पादों की तैयारी के लिए प्रभावी रूप से प्रयुक्त किया जा सकता है। भिन्न उत्पादों के साथ मत्स्य स्टॉल एवं आउटलेट की स्थापना एक अच्छा उपलब्ध विकल्प हो सकता है, लेकिन उपयुक्त स्तर का निवेष एवं सहायता की आवश्यकता होती है।

तथापि ऐसे किसी यूनिट की आर्थिक व्यवहार्यता का उत्तरदायित्व के साथ उसका प्रबंधन दोनों के कार्यकलापों पर आधारित होता है। किसी क्रियाकलाप नियोजित से पहले उत्पाद की माँग एवं कच्ची सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित करने की अति आवश्यकता है। प्रणालीबद्ध एवं निरन्तर बाजार अनुसंधान के साथ एक उचित विपणन नेटवर्क को स्थापित किया जाना चाहिए। यह अति आवश्यक है उत्पाद की नियमित आपूर्ती उचित गुणता जाँच को सुनिश्चित किया जाना चाहिए। उचित सम्पत्ति अनुरक्षित किया जाना और पेशेवर प्रबंधन अनिवार्य है।

**शुष्क मत्स्य उत्पादन**

